दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2020, आश्विन कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-185 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

पाटन में शुरु हुई बघेल वर्सेस बघेल की सियासी जंग

हरिओम चौहान

भिलाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन क्षेत्र पाटन में दुर्ग सांसद विजय बघेल अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मंडी प्रांगण में धरने पर बैठ गए हैं। पुलिस ने उस प्रांगण को अस्थाई जेल में तब्दील कर दिया है। सांसद बघेल का आरोप है कि मुख्यमंत्री बघेल तानाशाही कर रहे हैं, भाजपा के कार्यकर्ताओं को झूठे प्रकरणों में फंसा रहे हैं। गौरतलब है कि कोरोना काल में लॉकडाउन के दरम्यान पाटन क्षेत्र के जामगांव में सरकारी शराब दुकान के खुले होने के चलते बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने दुकान बंद करवाने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। तब पुलिस ने इन कार्यकर्ताओं के खिलाफ लूट-डकैती का मामला बना कर 3 लोगों को जेल भेज दिया है। इन्हीं लोगों की रिहाई और दर्ज प्रकरणों को वापिस लेने की मांग को लेकर आज सांसद विजय बघेल ने पाटन में प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें उसी स्थान पर नजरबंद कर दिया है, जहां वे धरने पर बैठे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सियासी उठापटक में कार्यकर्ता के लिए सड़क पर उतरे सांसद बघेल

आज बेबाक

बॉलीवुड के सब बाहुबली पहली बार साथ-साथ नजर आए। दो खबरिया चैनलों के खिलाफ नामी गिरामी अभिनेताओं, निर्माताओं और निर्देशकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने गुहार लगाई है कि बॉलीवुड को बदनाम न किया जाएं। फिल्मी जुबान में कहा जाए तो इन भांड फिल्मकारों का कहना है कि- मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है...? इन बुड़बकों को इस गाने की एक और पंक्ति नहीं भूलनी चाहिए कि जो है नाम वाला वहीं तो बदनाम है...। बेहतर होगा कि हिंसा और अश्लीलता के ये कारोबारी अपना चाल, चेहरा और चरित्र बदल लें अन्यथा उनकी दुकानदारी का बंद होना तय है।

खास- खबर

लोन मोराटोरियम : 15 नवम्बर तक ब्याज माफी योजना लागू होगी

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया कि बैंकों से लिये गये ऋण की ईएमआई पर मोहलत के दौरान चक्रवृद्धि ब्याज माफी योजना 15 नवम्बर तक लाूग कर दी जायेगी। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की खंडपीठ को बताया कि दो करोड़ रुपये तक के ऋण पर चक्रवृद्धि ब्याज की माफी योजना 15 नवम्बर तक लागू हो जायेगी।

जशपुर में जंगली हाथी की मौत

पत्थलगांव (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ के जशपुर वन मंडल अन्तर्गत कुनकुरी क्षेत्र में आज जंगली हाथी का शव बरामद हुआ है। वन विभाग केकुनकुरी वन अधिकारी ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार कुनकुरी वन परिक्षेत्र का अम्बाटोली जंगलों में 13 जंगली हाथियों का दल बीते एक पखवाड़े से विचरण कर रहा था। हाथियों का दल जंगल के समीप किसानों के खेतों में धान की फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहा था। इस वजह आसपास के ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त था। कुनकुरी वन अधिकारी अभिषेक जोगावत ने बताया कि मृत हाथी के आसपास बिजली लाईन नहीं होने से करेंट से मौत की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया हाथी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती हैं।

शेयर बाजार

संसेक्स- 40794.74
निफ्टी- 11971.05
गोल्ड- 50575 (10 ग्रा.)
सिल्वर-62015 (1 कि ग्रा.)

सूबे में महिलाओं के खिलाफ जरायम में पुलिसिया चूक

आग बबूला हुए सीएम भूपेश, सख्त हिदायत नपेंगे लापरवाह

नव प्रदेश संवादाता

- ■ पुलिस विभाग की बैठक के पहले एसडीओपी-टीआई पर गिरी गाज
- ■ मुख्यमंत्री ने कहा महिला सुरक्षा और बुजुर्गों के लिए समर्पण अभियान

रायपुर। मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में गृह विभाग के समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को हिदायती अंदाज में निर्देश दिया है कि महिला अपराधों की रोकथाम के लिए राज्य स्तर पर सतत मॉनिटरिंग और समीक्षा की जाए। इसके लिए एसओपी बनाई जाए और पुलिस मुख्यालय सीधे महिलाओं के विरूद्ध गंभीर अपराधों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में इन अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष जांच दल का गठन भी किया जाए। डीजीपी डी.एम अवस्थी ने बैठक में बताया कि सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिलाओं के विरूद्ध अपराधों पर अंकुश रखने और ऐसे मामलों की तत्परता से जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में महिलाओं पर घटित कुल अपराधों में वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में कमी आई है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए प्रारंभ किए जा रहे 'समर्पण अभियान' के लिए बैठक में सहमति प्रदान की। डीजीपी ने इस अभियान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस की उपलब्धि

- राज्य के 11 जिलों में 112 के तहत कर रहे मदद
- बीते 2 साल में तकरीबन 53 लाख कॉल प्राप्त हुई
- 9 लाख को पुलिस की 8 हजार को अग्निशमन मदद
- साढ़े 4 लाख को मेडिकल, 2 लाख को हादसे में हेल्प
- संकट में फंसे 6 हजार बच्चों को 112 ने तत्काल बचाया
- सुसाईड करते 14 हजार को व 72 हजार महिला को मदद
- शहर में 16 मिनट, ग्रामीण ईलाकों में 28 मिनट रिस्पांस टाइम

चूक पड़ गई भारी, एसडीओपी-टीआई सस्पेंड

गृह विभाग की बैठक के पहले एक बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला संबंधी अपराधों की विवेचना में लापरवाही बरतने पर वाड्रफनगर के एसडीओपी श्री ध्रुवेश जायसवाल और थाना प्रभारी रघुनाथनगर श्री जॉन प्रदीप लकड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के तत्काल बाद पुलिस महानिदेशक श्री डी.एम. अवस्थी द्वारा इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय सरगुजा रखा गया है।

होम आइसोलेशन : सबसे सफल हो रहा रायपुर मॉडल

■ रिकार्ड 12171 कोरोना पॉजिटिव हुए पूरी तरह स्वस्थ

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। बिना लक्षण या फिर कम गंभीर लक्षणों वाले मरीजों को होम आईसोलेशन का सबसे सफल मॉडल रायपुर बना है। लेकिन इस आइसोलेशन अवधि में मरीजों के समुचित उपचार के साथ ही उनका मनोबल भी उंचा रखना जरूरी होता है। रायपुर जिले का होम आइसोलेशन सिस्टम यह काम बखूबी कर रहा है और यह दूसरों के लिए मॉडल साबित हो रहा है।

जिले के एडीएम श्री विनीत नन्दनवार के मार्गदर्शन में रायपुर जिला कलेक्टोरेट में बनाए गए होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम जो कि 24x7 संचालित है, में हर समय गहमा गहमी रहती है। शुरूआत बिना लक्षण वाले मरीजों के पाजिटिव चिन्हांकन होने के बाद उन्हें होम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में कोराना संक्रमण का आंकड़ा 72 लाख से पार

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 72 लाख से अधिक हो चुके हैं हालांकि नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है और अब तक 63 लाख से ज्यादा लोग कोरोनामुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 74,632 कोरोना संक्रमितों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ, जिन्हें विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दे दी गयी। देश में अब तक 63,01,927 मरीजों ने कोरोना को मात दी है।

एनएमडीसी से अलग होगा नगरनार इस्पात संयंत्र

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) लिमिटेड से सरकारी निर्माणाधीन नगरनार इस्पात संयंत्र को अलग करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में बस्तर के निर्माणाधीन नगरनार इस्पात संयंत्र को एनएमडीसी से अलग किया जाएगा। बाद में नगरनार इस्पात संयंत्र में विनिवेश किया जाएगा। केंद्र सरकार इसमें अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी गयी। लगभग 1980 एकड़ में स्थापित हो रहे नगरनार इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता 30 लाख टन प्रतिवर्ष होगी। इसकी निर्माण लागत 23 हजार 140 करोड़ रुपए होगी। अभी तक इस पर 17 हजार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नई शिक्षा नीति : 5718 करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नयी शिक्षा नीति के तहत शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधारों के लिए विश्व बैंक की सहायता से छह राज्यों में चलाये जाने वाले स्टार्स प्रोजेक्ट को बुधवार मंजूरी दे दी। इस प्रोजेक्ट पर 5718 करोड रूपये की लागत आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विश्व बैंक इसके लिए 3700 करोड़ रूपये की सहायता राशि देगा।

जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लिए 520 करोड़ का विशेष पैकेज: केंद्र सरकार ने केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर और लद्दाख में ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 520 करोड़ रुपए का एक विशेष पैकेज देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

मरवाही उपचुनाव : खर्चों पर रहेगी चुनाव आयोग की नजरें

■ व्यय प्रेक्षक के रूप में तैनात रहेंगे आयकर अफसर

रायपुर (नव प्रदेश)। मरवाही विधानसभा में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उपचुनाव कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य व्यय एवं पुलिस प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहब कंगाले ने मतदान के लिए प्रयोग होने वाले ईवीएम का 21 अक्टूबर से राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के सामने जांच करने निर्देश दिया है। उम्रदराज लोग डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करेंगे। वहीं चुनावी खर्चों में चुनाव आयोग द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मरवाही उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। नाम निर्देशन की संवीक्षा 17 अक्टूबर को की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 16 अक्टूबर निश्चित की गई है। अभ्यर्थी अपना नाम 19 अक्टूबर को वापस ले सकेंगे।

उपचुनाव जकांछ प्रत्याशी अमित जोगी 16 अक्टूबर करेंगे नामांकन दाखिल

मरवाही में नामांकन, आज डॉ. रमन तो कल सीएम भूपेश रहेंगे मौजूद

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। हाई प्रोफाइल सीट हो चुकी मरवाही विधानसभा के उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिले के वक्त पार्टी के बड़े नेताओ का काफिला रहेगा। कल 15 अक्टूबर को भाजपा प्रत्याशी डॉ गंभीर सिंह पर्चा भरेंगे इस दौरान हौसला आफजाई के लिए और पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह समेत पार्टी के दर्जनों बड़े नेता मौजूद रहेंगे वहीं 16 अक्टूबर को कांग्रेस प्रत्याशी डॉ केके ध्रुव नामांकन भरेंगे तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके कई मंत्री और बड़ी संख्या में कांग्रेस विधायक तथा संगठन के बड़े नेता मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रत्याशी अमित जोगी और उनकी पत्नी ऋचा जोगी भी 16 अक्टूबर को कोटा विधायक डॉ श्रीमती रेणु जोगी वी लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह की मौजूदगी में नामांकन भरेंगे। विधानसभा -24 उप निर्वाचन के लिए 14 अक्टूबर को पहला नामांकन पत्र दाखिल किया गया। अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ़ इंडिया की अभ्यर्थी पुष्पा कोर्चे नामांकन दाखिल कर प्रक्रिया को शुरू किया है।

मरवाही विधानसभा निर्वाचन के लिए आज अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इण्डिया की प्रत्याशी पुष्पा कोर्चे ने नामांकन दाखिल करने के साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के दिग्गज नेता होंगे शामिल

जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी डॉ गंभीर सिंह 15 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान पार्टी के बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। भाजपा ने पहले ही एलान किया है कि पार्टी चुनाव चुनाव जितने के लिए लड़ेगी। मतलब भाजपा किसी भी हाल में जोगी कांग्रेस और कांग्रेस को वॉकओवर देने के मूड में नहीं है। जानकारी के अनुसार डॉ.गंभीर सिंह के नामांकन भरने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह , आदिवासी नेता पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, पूर्व मंत्री बृज मोहन अग्रवाल, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, केदार कश्यप भी मौजूद रहेंगे।



न्यूज गैलरी

असमाजिक तत्वों व स्टंट बाइकर्स का अड्डा बना साइंस कॉलेज मैदान

बिलासपुर (नव प्रदेश)। शहर का एक मात्र सबसे बेहतर खेल मैदान में से एक साइंस कॉलेज मैदान, खेल खिलाड़ी मैदान की भव्यता को लेकर खासे उत्साहित हो रहे है।जहाँ प्रति दिन खिलाड़ी और मोर्निंग वाक करने वालो का खासा जमावड़ा रहता है,किंतु असमाजिक और गुंडागर्दी के साथ स्टंट बाइकर्स की उपस्थिति लोगो की भावना को मटियामेट कर रहा है सुरक्षित वातावरण नही होने के कारण लोग सशंकित रहते है कि कहि कोई मनचला असमाजिक तत्व उनसे कोई बदमिजाजी न कर दे इसके बावजूद सुबह सवेरे के खुशनुमा माहौल में लोगों को सैर करना अच्छा लग रहा है इस लिहाज से स्थानीय प्रशासन को वहाँ सुबह के समय सुरक्षा गार्ड तैनात करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी भय और तनाव के सुबह सवेरे सैर का आनंद ले सके। साइंस कॉलेज मैदान में असमाजिक तत्व सिगरेट बीड़ी के धुँवाधार माहौल तैयार करते है जिससे लोगो को परेशानी होती है वही कुछ मनचले किशोरवय स्टंट बाइकर्स सरपट भागते बच्चे बुजुर्ग और महिलाओं के भीतर भय उत्पन्न कर रहे है इसके अलावा अल सुबह और सांझ ढलते ही अंधेरे का फायदा उठाकर असमाजिक तत्व अपने करतूतों को बड़ी आसानी से अंजाम दे रहे है,इस दिशा में सरकंडा थानेदार यदि गंभीरता दिखाते है तो मोर्निंग वाक करने वालो को और खिलाड़ियों को बड़ी राहत मिलेगी

जाति प्रमाण पत्र मामला: समिति ने रखा अपना निर्णय सुरक्षित

मुंगेली (नव प्रदेश)। जाति प्रमाण पत्र मामले पर छानबीन समिति आज भी किसी निर्णय पर नही पहुच सकी, जिसके चलते सत्यापन समिति ने अपना निर्णय सुरक्षित रखा है, ज्ञात हो कि कल समिति समक्ष उपस्थित हो कर जवाब पेष करने के लिए कहा गया था, जिस पर ऋचा रूपाली साधु की तरफ से अधिकृत उनके भाई ऋषभ साधु उपस्थित हुए थे । जिसमें बिलासपुर रजिस्ट्रार आफिस में कोरोना पाजिटिव आने की वजह से 7 अक्टुबर से 11 अक्टुबर तक आफिस बंद होने के कारण आवष्यक दस्तावेज उपलब्ध नही होने का हवाला देते हुए समिति से समय मांगा गया है। ज्ञात हो कि सत्यापन समिति द्वारा ऋचा रूपाली साधु को 29 सितंबर को नोटिस जारी कर कहा था कि क्यो न आपका जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया जाये, जिसके पश्चात ऋचा के पति द्वारा बयान जारी कर नोटिस नही मिलने की बात कही थी। वहीं इस मामले में 8 अक्टूबर को ऋचा रूपाली साधु को समस्त दस्तावेजों के साथ शाम 5 बजे तक जिला स्तरीय छानबीन समिति के समक्ष पेश होना था।

ग्राम पंचायत कुम्हरौली की महिलाओं ने पुलिस अधिक्षक को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली (नव प्रदेश)। शराब बंदी का नारा बुलंद करने के बाद गांव गांव में अवैध नशे का कारोबार जोर शोर से चलने चलगा है, लगातार बढते नशे के मामलो का विरोध अब ग्रामीण क्षेत्रो में जमकर प्रारंभ होने लगा है, जिसके चलते अब ग्रामीण दल बल के साथ इसके विरोध में जिला मुख्यालय की तरफ रूख करने लगे है। इसी तारतम्य में बीते कल ग्राम पंचायत कुम्हरौली की महिलाओ का दल गांव में बेखौफ चल रहे गांजा के खिलाफ पुलिस अधिक्षक कार्यालय पहुच कर अपना ज्ञापन सौपा एवं जल्द से जल्द उस पर कार्यवाही की मांग की है । गौरतलब हो की नगर और आस पास के क्षेत्रो में जहां ये नशे के कारोबारी अपने कार्य को धडल्ले से अंजाम देने में लगे है, जिसके करण दिनो दिन ग्रामीण परिवेश का वातारण खराब होने लगा है। वही इन नशेडियों के कारण महिलाओं एवं बच्चियों का शाम होते ही गलियों एवं बाजारो में निकलना भी मुहाल हो जाता है । नगरीय क्षेत्रो सहित ग्रामीण परिवेश के खुले एवं सूनसान इलाको में इन नशेडियों को आसाने से नशा करते देखा जा सकता है। नगर के इन नशेडियों का मुख्य स्थल कृषि उपज मंडी, आधे अधूरे बने काम्प्लेक्स, मंदिर, एवं पूल के नीचे विरान पडी जगहा है, जिस पर पुलिस पेट्रोलिंग के अभाव में ये बेखौफ झंण्ड बनाकर बैठे नजर आते है।

जुआ के खिलाफ पुलिस का अभियान, छापेमारी में 10 जुआरी गिरफ्तार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। नशे के कारोबार के साथ पुलिस ने जुए के खिलाफ भी अभियान चला रखा है ।इसी कड़ी में कोटा पुलिस द्वारा दो अलग-अलग कार्रवाई में जुआड़ियों को धर दबोचा गया। सूचना मिलने के बाद कोटा पुलिस ने शक्ति पारा भाड़म धरसा रोड में छापा मारा जहां रंगे हाथ 7 जुआरी गिरफ्तार किए गए इनके पास से ?15,160 की रकम भी पुलिस ने जप्त किया । वही घोघडीह में जुआ खेलते 3 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 6010 जब्त किए । दोनों जुए के फड़ों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 13 जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

नाउम्मीद हो चुके लोगों को लगा उम्मीदों का पंख

मानसिक रोगियों के ठीक होने के बाद सौंपा जा रहा परिवार को

बिलासपुर (नव प्रदेश)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यशाला और जन जागरण कार्यक्रम आयोजित कर रहा था तब छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अपनी अभियान उम्मीद के अंतर्गत ना उम्मीद हो चुके मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति जो चिकित्सा प्राप्त कर स्वस्थ हो चुके हैं और अपने घर जाने की राह देख रहे थे उन्हें उनके घर पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में 10 अक्टूबर मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सुधीर सोनकर, पता - राजापुर ,जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश निवासी जो पिछले 4 से 5 सालों से लापता था को उसके घर का पता लगाकर उसके परिवार वालों से संपर्क कर और उनकी काउंसलिंग करा कर घर भेजा गया।

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई

नारायणपुर (नव प्रदेश)। मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम छोटेडोंगर, नारायणपुर स्थित लीज क्षेत्र 192.95 हेक्टेयर में क्षमता विस्तार कर आयरन और माइनिंग क्षमता 0.05 मिलियन टन प्रति वर्ष से 2.95 मिलियन टन प्रति वर्ष एलांग विथ 1 मिलियन टन प्रतिवर्ष बेनिफिशियेशन प्लांट के संबंध में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक परामर्श जिसमें लोक सुनवाई शामिल है के लिए आवेदन किया गया। भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार लोक सुनवाई बीते 9 अक्टूबर 2020 को पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास, छोटेडोंगर के नवनिर्मित भवन में कराई गई। लोक सुनवाई प्रारंभ करने के पूर्व उपस्थित जन समुदाय को लोक सुनवाई प्रकिया की जानकारी दी गई। लोक सुनवाई के प्रथम चरण में प्रबंधन के श्री सुशांत मोइत्रा, एशोसिएट डायरेक्टर द्वारा परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी तथा श्री सांतनु पुराणिक द्वारा प्रजेन्टेशन प्रस्तुत कर प्लांट से उत्पन्न होने वाले जल, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हेतु प्रस्तावित उपायों की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई।

एल्डरमैन आज लेंगे शपथ

मरवाही उप चुनाव के मद्देनज़र एक दिन पहले हो रहा शपथ समारोह

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मरवाही उपचुनाव को लेकर नामांकन भरना अभी बाकी है और ऐसे में जाहिर है प्रदेश के सीएम की नजर जब उस सीट में लगी हुई है और उसमें वे किसी तरह का कोई बागी रिस्क नही लेना चाहते,जिसे देखते हुए नगर निगम के एल्डरमेन के शपथ ग्रहण की तिथि में बदलाव किया गया है,आपको बता दे कि बिलासपुर नगर निगम के नवनियुक्त एल्डरमैन अब 16 अक्टूबर की जगह 15 अक्टूबर को शपथ ग्रहण करेंगे। पहले उनका शपथ ग्रहण समारोह 16 अक्टूबर को सिंचाई विभाग के प्रार्थना कक्ष में किए जाने का निर्णय प्रशासन ने लिया था। लेकिन अब उसी स्थान पर 1 दिन पूर्व नगर निगम के नवनियुक्त एल्डरमैन को शपथ दिलाई जाएगी। दरअसल 16 अक्टूबर को मरवाही उपचुनाव में नामांकन की अंतिम तिथि है। जिसमे प्रदेश के नेताओ के अलावा बिलासपुर से भी विधायक समेत अन्य नेता भी शामिल होंगे,और ऐसे में जाहिर है कि दो जगहों पर एक जैसा कार्यक्रम नही हो सकता,जल्दबाजी में भले ही तिथि दी गयी थी लेकिन बाद में बदलवा करते हुए फिर से तिथि घोषित की गई।वही आपको इसमे यह भी बता दे कि जब एल्डरमेन की सूची आयी थी तो कुछ लोगो को हजम नही हुआ और कई ऐसे नेता रहे जिनकी नही चली तो सूची को बदलने की मांग करने लगे,परंतु राज्य सरकार ने मना कर दिया और सीधे यह बोला कि हर बदलना पड़ेगा तो प्रदेश भर में फिर यही स्थिति आएगी इसलिए जो सूची जारी हो चुकी है उसमें बदलाव नही होगा , आखिरकार मन मारकर अब नेताओ ने बोलती बंद कर ली और अब जो नियुक्त हो चुके है उनसे ही झूठी मुस्कान के साथ मिलकर चल रहे है। उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन विभाग ने एल्डरमैनों की नियुक्ति की जो सूची जारी की उसमे बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय की चली, 11 एल्डरमैन में 7 विधायक खेमे के हैं,, शैलेंद्र जायसवाल, काशी रात्रे, दीपांशु श्रीवास्तव, अजरा खान, श्यामलाल चंदानी और अखिलेश गुप्ता बंटी विधायक पांडेय के करीबी हैं, सुबोध केसरी और यतीश गोयल नगरीय प्रशासन मंत्री के करीबी माने जाते हैं, और सीधे उनके ही सिफारिश पर बने हैं, सुधा गोपाल सिंह विधायक प्रत्याशी राजेंद्र शुक्ला तो सुरेश सोनकर तखतपुर विधायक रश्मि सिंह के करीबी माने जाते हैं, सुभाष ठाकुर पिछले 10 साल से कांग्रेस भवन का कामकाज संभाल रहे हैं, इसका फायदा उन्हें मिला था,

निगम चुनाव और शहर सरकार बनने के 8 माह बाद नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने एल्डरमैन की नियुक्ति हुई थी, नगर निगम का एल्डरमैन बनने के लिए सैकड़ों की तादाद में शहर कांग्रेस कमेटी के पास आवेदन आए थे।

3 दिन से लापता मासूम की एनीकट में मिली लाश

मौत या फिर हत्या संशय में पुलिस

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। तीन दिन से लिंगियाडीह से गायब बच्ची की लाश दोमुहानी एनीकट में मिली है। अपोलो अस्पताल के पीछे लिंगियाडीह बस्ती में रहने वाले धर्मेंद्र और सुनीता यादव की 3 साल की बेटी गरिमा 11 अक्टूबर शाम 4 से कहीं गुम हो गई थी। जिसके बाद से गरिमा यादव की हर ओर तलाश की जा रही थी। सरकंडा थाने में भी उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सोशल मीडिया पर भी बच्ची को तलाश किया जा रहा था। इसी बीच बुधवार सुबह गतौरा पुल के निकट एनीकट के पास एक बच्ची की लाश मिली । इसकी सूचना मिलते ही तोरवा और सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ कोशिशों के बाद लाश की पहचान 3 दिनों से गायब गरिमा यादव के रूप में हुई। बच्ची किस तरह से अरपा नदी तक पहुंच गई थी और कैसे वह बह कर दोमुहानी तक पहुंची पुलिस इसका पता कर रही है। बच्ची की डूबकर मौत हुई या किसी ने उसकी हत्या की है पुलिस इस पहलू पर भी जांच करेगी।

अधिक कीमत पर स्टाम्प पेपर बेचने वालो की खैर नहीं

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प पेपर बेचने वाले स्टाम्प वेंडरो की अब खैर नही होगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी ने जिला पंजीयक को तत्कालीक रूप से स्टाम्प वेंडरो की जानकारी प्राप्त करने, स्टाम्प वेंडरो का निरीक्षण करने और किसी प्रकार से शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर लायसेंस निरस्त करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी ने बताया कि आम लोगों और समाचार पत्रों के माध्यम से स्टाम्प वेंडरो द्वारा निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प बेचने की जानकारी लगातार प्राप्त हो रही है। निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प पेपर बेचना गैर कानूनी है। उन्होने बताया कि निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प पेपर बेचने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उनका लायसेंस निरस्त की जाएगी। इस संबंध में जिले के जिला पंजीयक ने बताया कि विगत दिनों तहसील कार्यालय परिसर के स्टाम्प वेंडर द्वारा तय मूल्य से अधिक मूल्य में स्टाम्प विक्रय करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिला पंजीयक ने जिले के सभी उप पंजीयक को छोटे मूल्य के स्टाम्प जैसे- 10,20,50,100 रूपये एवं कोर्ट फीस (कम मूल्य वाला) का स्टाक पर्याप्त मात्रा में रखा जा रहा है या नही, रखे गये स्टाक का वितरण सहज दृश्य स्थल पर लगाया गया है या नही, स्टाक रजिस्टर एवं बिकी पंजी अद्यतन रूप से संधारित है या नही, स्टाम्प विक्रेता का व्यवहार स्टाम्प क्रेता के प्रति किस तरह का है, क्या निर्धारित मूल्य से अधिक राशि में स्टाम्प बेचा जा रहा है।

महिलाओं के उत्थान हेतु 19 तक आवेदन आमंत्रित

कोरिया (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला तथा अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला या संस्था को दो लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के लिए प्रविष्टियाँ कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बैकुण्ठपुर में 19 अक्टूबर 2020 तक जमा कर सकते हैं। इसके लिए महिला या संस्था को पूर्ण परिचय देते हुए महिलाओं के उत्थान के लिए किये गये सेवा कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना होगा।

प्रत्याशियों के खिलाफ शुरुआत में बगावती तेवर

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मरवाही विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में कांग्रेस-जनता कांग्रेस और भाजपा इन तीनों द्लो का ही त्रिकोणीय संघर्ष होगा मगर कांग्रेस भाजपा में बगावती तेवर भी दिख रहे है ।प्रत्याशी नहीं बनाए जाने और स्थानीय के मुद्दे पर विरोध का स्वर शुरुवाती दौर में दिख रहा है लेकिन जैसा पूर्व में होता आया है कांग्रेस और भाजपा दोनों बगावती तेवर दिखाने वालों को या तो चुनाव मैदान से हटाने में सफल हो जायेंगे या फिर नाफरमानी करने वालो को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखायेंगे । भाजपा को जहां पूर्व प्रत्याशियों और दावेदारों की गतिविधियों पर नजर रखनी होगी वहीं कांग्रेस को भी भारी भरकम प्रचार टीम के सामने बगावती तेवर रखने वालों को बौना साबित करने की जरूरत पड़ सकती है । के के ध्रुव को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित करने के बाद जिस तरह पूरे जिले के तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों के तीनों सरपंच संघों ने कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशी का विरोध करने का निर्णय खुलेआम किया है।उससे इस चुनाव में एक ऐसा चतुष्कोण अर्थात चौथा कोण भी निर्मित हो गया है। जो इस चुनाव के परिणामों को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है, ऐसी आशंका दिखाई दे रही है।

जैसी की खबरें आ रही हैं पेंड्रा गौरेला और मरवाही इन तीनों जनपद पंचायतों के 90त से अधिक सरपंचों ने कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशी डॉक्टर के के ध्रुव का विरोध करने का निर्णय लिया है। इस विरोध में वे सरपंचों की ओर से एक निर्दलीय प्रत्याशी भी उतार सकते हैं। आज सरपंच संघों के प्रमुख लोगों और सरपंचों की बैठक में यह निर्णय ले लिया गया है कि आज कल में डॉक्टर के के ध्रुव के खिलाफ सरपंच संघ का एक प्रत्याशी तय कर उनसे निर्दलीय फार्म भरवाए जाएगा।

जिला अस्पताल बना प्रदेश का पहला वेबसाइट लांच करने वाला अस्पताल

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिला अस्पताल प्रदेश का पहला वेबसाइट लांच करने वाला जिला अस्पताल बन गया है। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में कम्प्यूटर माउस में एक क्लिक कर प्रदेश का प्रथम जिला अस्पताल मुंगेली का वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होने बताया कि इस वेबसाइट में जिला चिकित्सालय में उपलब्ध तमाम प्रकार की सुविधाएं समाहित की गई है। एक क्लिक से एक नजर में ही जिला चिकित्सालय के तमाम प्रकार की जानकारी जैसे- जिला अस्पताल में कार्यरत् चिकित्सक व विशेषज्ञ चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारियों, जिला चिकित्सालय का क्षेत्रफल, कुल बिस्तर, वार्डो की संख्या, एम्बुलेंस और आपरेशन कक्ष की भी जानकारी सामने आ जाएगी। इसी तरह वेबसाइट में एम्बुलेंस, प्रयोग शाला, एक्सरे मशीन, फिजियोथेरेपी ई.सी.जी. दंतचिकित्सा, आपातकालीन नंबर, महिला हेल्फ लाईन , बचाव और राहत आयुक्त, संजीवनी एक्सप्रेस, महतारी एक्सप्रेस और मुक्तांजली वाहन के नंबर को भी समाहित किया गया है। यह वेबसाइट आम लोगों के लिए उपयोगी और सार्थक साबित होगी। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. भूआर्य ने बताया कि कोई भी नागरिक जिला अस्पताल के वेबसाइट पर एक क्लिक कर जिला अस्पताल में उपलब्ध तमाम प्रकार की सुविधाओं की बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

मुंगेली (नव प्रदेश)। केन्द्र सरकार के किसान विरोधी नीति को लेकर जहां पुरे देश में विरोध का स्वर उठ रहा है वही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पुरे प्रदेश में किसानो से हस्ताक्षर अभियान चलाकर इसका विरोध करने की तैयारी में जुटी है, इसी तारतम्य में जिले की संगठन प्रभारी श्रीमती सीमा वर्मा आज नगर प्रवास में थी , उन्होने कार्यकर्ताओं को रिर्चाज करते हुए किसान विरोधी इस अभियान में समलित होने के लिए जरूरी टीप दिये और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी , स्थानीय विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से रूबरू हो कर उन्हे विभिन्न दिशा निर्देश दिये एवं इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक जुट होकर कार्य करने को कहा । पत्रकारो से चर्चा करते हुए श्रीमती वर्मा ने कहा की सभी कार्यकर्ताओं का ध्यान रखा जायेगा।

सघन अभियान चला कर घर-घर किया सर्वे

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कोरोना से डरने नही लडने की पाठ पढा कर जिला प्रशासन के द्वारा पुरे जिले में स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से 5 से 12 अक्टुबर तक सघन सर्वे अभियान चला कर कोरोना के मरीजो का सर्वे किया गया, पूरे जिले में इन आठ दिनों में 1 लाख 43 हजार 469 घरो में सर्वे कराया गया लक्षण सही पाये गये व्यक्तियों की संख्या 1723 थी, उच्च जोखिम में पाये गये व्यक्तियों की संख्या 172 रही, ए जी टेस्ट किये गये व्यक्तियों की संख्या 846 थी उनमें से पाजिटिव पाये गये व्यक्तियों की संख्या मात्र 51 रही निगेटिव पाये गये व्यक्ति जिनका आर टी पी सी आर लिया गया उनकी संख्या 447 रही जिसमें 20 व्यक्ति पाजिटिव पाये गये।

लगातार बढते कोरोना के मामलो को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जांच में तेजी लाने एव संक्रमण के बढते प्रभाव की रोकथाम करने के लिए घरो घर जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाडी को निर्देषित किया था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो की जांच की जा सके, किंतु स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के बीच उचित ताल मेंल के अभाव में जहां यह कार्य उतनी तनमयता से नही हो पाया, साथ जमीनी अमले को कोरोना की इस भयंकर महामारी से बचाव के कोई साधन मुहैया नही कराये गये थे, जिससे ये आंगनबाडी कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा कर सके।

जनहित किसान मनचाही जगह पर अपनी फसल बेच सकते हैं- साहू

कृषि बिल के समर्थन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दंतेवाड़ा (नव प्रदेश)। कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा पर कृषि बिल के समर्थन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक गण शामिल हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नारायण साहू ने कृषि बिल पर चर्चा करते हुए बताया कि यह बिल किसानों के हित में है इसके मुताबिक किसान मनचाही जगह पर अपनी फसल बेच सकते हैं। बिना किसी रूकावट दूसरे राज्यों में भी फसल भी और खरीद सकते हैं। इसका मतलब यह है कि एपीएमसी के दायरे से बाहर की फसलों की खरीद बिक्री संभव है, साथ ही फसल की बिक्री पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। ऑनलाइन बिक्री की भी अनुमति होगी इससे किसानों को अच्छे दाम मिलेंगे। देशभर में कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग को लेकर व्यवस्था बनाने का प्रस्ताव है फसल खराब होने पर उसके नुकसान की भरपाई किसानों को नहीं बल्कि एग्रीमेंट करने वाले पक्ष या कंपनियों को करनी होगी किसान कंपनियों को अपनी कीमत पर फसल बेचेंगे। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और बिचौलिया राज खत्म होगा। आवश्यक वस्तु अधिनियम को 1955 में बनाया गया था। अब खाद्य तेल, तिलहन, दाल, प्याज और आलू जैसे कृषि उत्पादनों पर स्टॉक लिमिट हटा दी गई है। बहुत जरूरी होने पर ही इन पर स्टॉक लिमिट लगाई जाएगी ऐसी परिस्थितियों में राष्ट्रीय आपदा सूखा जैसी अपरिहार्य स्थितियां शामिल हैं प्रोसेसर या वैल्यू चैन पार्टिसिपेंट्स के लिए ऐसी कोई स्टॉक लिमिट लागू नहीं होगा उत्पादन, स्टोरेज और डिस्ट्रीब्यूशन पर सरकारी नियंत्रण खत्म होगी कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री एमके ध्रुव (वानिकी) ,श्री अनिल कुमार (मौसम विज्ञान) , डॉक्टर भूपेंद्र कोठारी (प्रक्षेत्र प्रबंधक) ,कुमारी मधु माली(एग्रोमेट ऑब्जर्वर),श्री समीर पात्रो (डब्लू.डी.टी.) एवं एमके पोड़ियाम (कार्यक्रम सहायक कंप्यूटर) में विशेष सहयोग प्रदान किया।

शिक्षकों की पदनामवार एकीकृत प्रारंभिक वरिष्ठता सूची जारी

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने आज यहां बताया कि राज्य शासन के निर्णय के अनुसार शासकीय शालाओं में कार्यरत् दो वर्ष या उससे अधिक सेवा पूर्ण तथा एक जुलाई 2020 को आठ वर्ष या उससे अधिक सेवा पूर्ण करने वाले पंचायत एवं नगरीय निकायों के शिक्षको का संविलियन एक नवम्बर 2020 से किया जाएगा। उनका संविलियन शिक्षा विभाग में किया जाएगा। उन्होने बताया कि जिले में कार्यरत् दो वर्ष या उससे अधिक सेवा अवधि पूर्ण कर चुके पंचायत एवं नगरीय निकायों के शिक्षको का संवर्ग और पदनामवार एकीकृत प्रारंभिक सूची का प्रकाशन कर दी गई है।

न्यूज गैलरी

भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल

रायपुर। राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा जारी आदेश के तहत सोनमणि वोरा को सचिव राज्यपाल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। उनके पास अब केवल संसदीय कार्य विभाग का प्रभार रहेगा। आयुक्त बस्तर संभाग जगदलपुर अमृत कुमार खलखो को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, कृषि विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए उन्हें सचिव राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। श्री के.डी.कुजांम, संयुक्त सचिव सामान्य प्रशासन विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ संयुक्त सचिव, राजभवन सचिवालय का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

आईजी, एसपी ने ली रायपुर रेंज के अधिकारियों की बैठक

रायपुर। रायपुर रेंज आईजी आनंद छाबड़ा और एसएसपी अजय यादव ने बुधवार को रेंज के सभी अतिरिक्त पुलिस एडिशनल एसपी, सीएसपी व थाना प्रभारियों की बैठक ली। इस बैठक में महिला उत्पीड़न, त्यौहारी सीजन के मद्देनजर तैयारियों का रूट प्लान पुलिस अधिकारियों से लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज हुई बैठक में ड्रग्स रैकेट के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई को लेकर आईजी ने पुलिस टीम में शामिल अधिकारियों को प्रशंसा करते हुए उन्हें शाबासी दी। साथ ही इस तरह के कारोबार में शामिल लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिये।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

रायपुर। शारदीय नवरात्रि 17 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रही है। इसके लिए मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने के लिए मूर्तिकार दिन-रात जुटे हुए है। शारदीय नवरात्रि इस बार 17 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। नवरात्र में जहां देवी मंदिरों में जहां 9 दिनों तक ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे, वहीं कई जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा भी विराजित की जाएगी। हालांकि कोरोना संक्रमण के चलते इस बार जहां मंदिरों में ज्योति कलश पूर्व की भांति प्रज्जवलित नहीं होंगे। सभी मंदिरों में इस बार ज्योति कलश काफी कम मात्रा में प्रज्जवलित किए जाएंगे।

अंग्रेजी हुकूमत के वक्त का सिटी कोतवाली थाना जमींदोज

■ 217 साल पुराना थाना भवन अब बनेगा हाईटेक

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। अंग्रेजों के जमाने की 217 वर्ष पुरानी 1802 में बनाई गई सिटी कोतवाली का बुधवार की सुबह तक सफाचट हो गई। दो दिनों के भीतर शहर की इस ऐतिहासिक बिल्डिंग के स्थान पर अब सिटी कोतवाली का नया भवन और सीएसपी दफ्तार के नाम से ही जानी जायेगी क्योंकि इसके स्थान पर यहां हाईटेक कोतवाली अब मूर्त रूप लेने वाला है। जब तक यह हाईटेक कोतवाली तैयार नहीं हो जाती उस समय तक के लिये थाने और सीएसपी दफ्तर को रंग मंदिर गांधी चौक में अस्थाई रूप से हस्तारंतरित किया गया है।

इतिहासकारों का कहना है कि अंग्रेजों ने अपने शासनकाल में न्यायिक सुनवाई के लिये सिटी कोतवाली का उपयोग किया करते थे और यहां प्रकरणों की सुनवाई होती थी। तत्कालीन समय में रायपुर नागपुर कमिश्नरी के अंतर्गत आता था इस वजह से दूर दूर से लोग अपनी शिकायतों को लेकर कोतवाली आया करते थे। बताया जाता है अंग्रेजों ने इसे अपने शासनकाल में बनाया था जहां

1857 की जो क्रांति हुई उसकी सुनवाई इसी कोतवाली में हुई थी। सिटी कोतवाली में थाने का संचालन 117 वर्षों से किया जा रहा था। स्मार्ट सिटी ने कोतवाली के स्थान पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 5.50 करोड़ की लागत से बहुमंजिला हाईटेक थाना बनाने की कमान हाथों में थामी है। सिटी कोतवाली का नया भवन तथा सीएसपी दफ्तर ने अपना आकार ले लिया है।

कलेक्टर और मंत्रालय में अनुकंपा नियुक्ती पर खामोशी

■ आश्रित 75 परिवारों के सामने रोजी-रोटी के लाले पड़े

■ अनुकंपा नियुक्ती के लिए 13 दिन से जारी है उपवास

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। अफसरशाही की वजह से सबसे संवेदनशील विषय अनुकंपा नियुक्ती पर कार्रवाई तो दूर चर्चा तक नहीं हो रही है। 2013 से लेकर 2019 तक कर्मचारियों के आश्रित 75 परिवार के सामने अब रोजी-रोटी के लाले हैं। फांके का समय बीता रहे इस परिवार की जायज मांग के लिए सामने आए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने चातावनी दी है कि लगातार बीते 13 दिनों से अनुकंपा नियुक्ती के लिए उपवास रह रहे आश्रित परिवारों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश साहू, जिला शाखा रायपुर के जिलाध्यक्ष सुखीराम धृतलहरे ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर नौकरशाही की भेंट चढ़ गए अनुकंपा नियुक्ती वाले परिवारों के प्रति सरकार से गंभीरता पूर्वक फैसला लेने की मांग की है। संघ पदाधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में सीएसआईडी में मर्ज किए गए पूर्व राज्य परिवहन निगम के कर्मचारियों के 75 परिवार बेरोजगार हैं। पहले अन्य विभागों में इन कर्मचारियों को निगम के भंग करने के बाद अटैच किया गया था। बहुत से ऐसे भी कर्मचारी परिवार हैं जिनके मुखिया की मौत होने के बाद परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ती दी जानी थी। 2013 से लेकर 2019 तक काफी लंबे संघर्ष के बाद भी 75 परिवार भटक रहे हैं। बता दें कि मामले पर हाईकोर्ट बिलासपुर ने भी राज्य सरकार को आदेश पारित कर चुका है। बावजूद इसके कलेक्टोरेट से लेकर मंत्रालय के दफ्तरों में कोर्ट के उस फैसले और आश्रित परिवार के दुख-दर्द पर कोई नीतिगत फैसला नहीं लिया गया है। अपनी मांगों को लेकर रायपुर में बीते 13 दिनों से उपवासरत परिजनों के सपोर्ट में कर्मचारी संघ के सदस्यों ने चेताया है कि अब तक का शांति का रास्ता कहीं उग्र आंदोलन में तब्दील न हो इसके लिए राज्य सरकार के जिम्मेदारों को सुध लेना होगा।

एम्स में इस सत्र से पैरा मेडिकल और टेक्निशियन कोर्सेज की भी शुरूआत

■ रोजगारपरक होंगे सभी कोर्सेज, अस्पताल की बढ़ती मांग को पूरा करने में होंगे सक्षम

■ बी.एससी. विभिन्न विषयों में कर सकेंगे, प्रेक्टिकल ट्रेनिंग और इंटर्नशिप भी होगी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अस्पतालों में बढ़ती पैरा मेडिकल स्टॉफ और टेक्निशियन्स की कमी को पूरा करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में इस वर्ष कई नए रोजगारपरक कोर्सेज शुरू किए गए हैं। इसमें जीव विज्ञान और गणित से 12वीं पास करने वाले युवा बैचलर कोर्स कर सकेंगे। अधिकतर पाठ्यक्रमों में इंटर्नशिप और प्रेक्टिकल ट्रेनिंग का प्रावधान किया गया है जिससे छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान मिल सके।

एम्स में शुरू हुए इस सत्र से बी.एससी. इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (साढ़े तीन वर्ष की अवधि का), बी.एससी. इन मेडिकल टेक्नोलॉजी इन रेडियोग्राफी, बी.एससी. इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, बैचलर इन ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लेंग्वेज पैथोलॉजी और एडवांस डिप्लोमा इन रेडियोथैरेपी टेक्नोलॉजी संचालित होंगे। इनमें बीएएसएलपी और एडीआरटी में एक वर्ष की इंटर्नशिप का प्रावधान भी किया गया है जिससे छात्रों को अस्पतालों की व्यावहारिक ज़रूरतों का ज्ञान हो सके। आशा की जा रही है कि इससे छत्तीसगढ़ को भविष्य में प्रशिक्षित टेक्नीशियन मिल सकेंगे।

इसके अलावा एम्स में एक वर्ष का प्री हॉस्पिटल ट्रामा टेक्निशयन कोर्स भी शुरू किया है जिसे 12वीं के बाद किया जा सकता है। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा है कि एम्स की स्थापना का उद्देश्य चिकित्सा सेवाओं के साथ अनुसंधान और छत्तीसगढ़ को प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञ प्रदान करना है। यह प्रयास इसी का एक रूप है।

शासकीय राशन दुकान का ताला तोड़कर राशन चोरी

■ 6 क्विंटल चावल व 40 किलों शक्कर सहित 30 चना चोरी, मामला दर्ज

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। शासकीय दुकान का ताला तोड़कर 16 क्विंटल चावल व 40 किलों शक्कर सहित 30 चना चोरी कर लेने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 तरपोंगी जिला रायपुर निवासी सुरेन्द्र मोहनदास बघेल 54 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति मोंहदा पंजीयन क्रमांक 950 का प्रबंधक है। जिसका आश्रीत ग्राम सुगेंरा स्थित शासकीय उचित मुल्य की दुकान है आज सुबह बुधवार को 06/00 बजे सेल्समेन लखनलाल साहू ने मोबाईल से सूचना दिया कि सुगेंरा के शासकीय दुकान पर चोरी हो गया है। जिसके सेल्समेन लखनलाल साहू, समिति अध्यक्ष रतनचंद निषाद, पंच मोहनलाल साहू एवं कोटवार टेकराम निषाद के सांथ मौके पर जाकर देखे आस पास चांवल, चना बिखरा हुआ है जो सड़क तक गिरा हुआ है। स्टाक से मिलान करने पर 72 कट्टा (36 क्विंटल) चांवल कीमत 16000 रूपये व चना 30 किग्रा0 निशुल्क एवं शक्कर 40 किग्रा0 कीमत 800 रूपये, नमक 03 कट्टा (डेढ क्विंटल) निशुल्क जुमला कीमत 16 हजार 800 रूपये का राशन नही मिला। किसी ने दिनांक 13/10/2020 के 2/30 बजे दोपहर से 14/10/2020 के प्रातः 05/30 बजे के बीच कोई अज्ञात चोर शासकीय दुकान का ताला तोडकर अंदर प्रवेश कर दुकान में रखें उक्त राशन को चोरी कर ले गया है । घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

पुराने विवाद को लेकर आपस में हुई चाकूबाजी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। दोस्त का जन्म दिन मनाने गए दो युवक पुराने विवाद को लेकर आपस में मारपीट कर एक दूसरे पर चाकू से जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्कूल के सामने गांधीनगर कालीबाड़ी निवासी शंकर बाघ 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बीती रात प्रार्थी अपने दोस्त जीतु हरपाल का जन्मदिन मनाने विजय किराना स्टोर्स के सामने गोरखा कालोनी गया था। तभी पुरानी विवाद को लेकर गोरखा कालोनी का रहने वाला विक्की उर्फ सुदर्शन छुरा विवाद कर गाली-गलोच करने लगा व अपने पास रखे धारदार चाकू निकालकर प्रार्थी के पेट व हाथ पर वार किया। जिसके चलते चोट लगने से खून निकलने लगा। इसी तरह वेल्कम टॉवर गोरखा कालोनी निवासी सजना छुरा 55 वर्ष पति विष्णु छुरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया ने अपने बेटे सुदर्शन छुरा को रिस्तेदार जीतु हरपाल के जन्मदिन का केक लाने के लिये को भेजा था। केक देकर वापस आते समय शंकर बाघ, प्रकाश, प्रमोद एवं विकास गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी देकर लाठी, डण्डा से मारपीट सुदर्शन छुरा के सिर, दाहिने हाथ, एवं शरीर में चोट लगने पर प्रार्थिया का बड़ा बेटा कृष्णा छुरा बीच-बचाव करने आया जिसके बाद विकास ने अपने हाथ में रखे चाकू से मारकर चोट पहुंचाया।

चाकू की नोक पर नगदी और फोन लूटकर भागे बाइक सवार

रायपुर। चाकू की नोक पर बाईक सवार से मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मोबाईल व नगदी रुपयें लूटकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर मानाकैम्प पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। हाउसिंगबोर्ड कालोनी धरमपुरा निवासी तरुण सोनकुसरे 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी डीएसए समवेद शिखर काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर में फायनेंस का काम करता है। मंगलवार को पीड़ित अपनी मोटरसाइकिल से धरमपुरा से हाउसिंगबोर्ड से रात्रि 8.30 बजे व्हीआईपी रोड से धरमपुरा जाने वाले मार्ग में राजवाड़ा रेस्टोरेन्ट के पास मो0सा0 को रोड किनारे खडी कर पेशाब करते समय दो मोटरसाइकिल एवं एक स्कूटी में 6-7 लडके आयें जो उम्र में करीब 18 से 25 साल के बीच के थे सभी युवक 10 से 15 कदम आगे जाकर बाईक खड़ी कर पैदल पीड़ित के पास पहुंच घेर लियें और धमकी देकर जो भी रखे हो सब निकालो नही तो चाकू मार देने की बात कहने पर युवक ने अपने पास रखे मोबाईल विवो कंपनी जिसमें जियो कंपनी का सीम नं0 8319810493 तथा बीएसएनएल कंपनी का सीम नं0 9302041266 लगा हुआ है तथा नकदी रकम करीब 3 हजार रुपयें लूटकर फरार हो गए।

कोविड-19 को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ एम्स, रायपुर की बैठक

त्यौहारों पर रखें सामाजिक दूरी, मास्क लगाएं

■ भीड़ में भी रखना होगा कोविड-19 संबंधी सावधानियों का ध्यान

■ कोविड-19 संबंधी जन आंदोलन को फैलाने में मीडिया का अहम योगदान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। त्यौहारों पर भी कोविड-19 संबंधी सभी सावधानियों का ध्यान रखा जाए, इसे लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में देशभर के एम्स के निदेशकों और प्रमुख केंद्रीय अस्पतालों के निदेशकों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ और चिकित्सा छात्रों द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन आंदोलन को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया।

एम्स, रायपुर के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को बताया कि एम्स निरंतर विभिन्न माध्यमों से छत्तीसगढ़ में सामाजिक दूरी का ध्यान रखने, बिना वजह घर से बाहर न जाने और उचित तरीके से मास्क का प्रयोग करने संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें एम्स के चिकित्सक, नर्सिंग स्टॉफ और चिकित्सा छात्रों का अहम योगदान है। इसके लिए एम्स में जगह-जगह पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं। इसके साथ ही एम्स में आने वाले रोगियों और उनके परिजनों को भी कोविड-19 से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि एम्स में शपथ के माध्यम से सभी ने कोविड-19 के निर्देशों का पालन करने का संकल्प लिया है। इसके अलावा ओपीडी में स्क्रिन्स, मास्क बांटकर, ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से और निरंतर परिसर को कीटाणुमुक्त बनाने का अभियान चलाकर भी कोविड-19 के विरूद्ध संघर्ष किया जा रहा है। डॉ. हर्षवर्धन ने आगामी त्यौहारों का जिक्र करते हुए एम्स के सभी निदेशकों और प्रमुख चिकित्सकों का आह्वान किया कि इन परिस्थितियों में भी कोविड-19 के फैलाव को रोकने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके लिए सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन का साथ लिया जा सकता है। उन्होंने जागरूकता फैलाने में मीडिया के अहम रोल का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया का भी सक्रिय प्रयोग करने पर जोर दिया।

बैठक में सभी एम्स के निदेशक, पीजीआई चंडीगढ़ और जिपमर के निदेशकों और देश के प्रमुख चिकित्सकों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री वरिष्ठ नागरिकों के सावधि जमा पर न्यूनतम 10% और बचत खाते पर 6% ब्याज दर का प्रावधान करवाएं : नामदेव

रायपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य सँयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने प्रधानमंत्री मन्त्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री कार्यालय में ट्यूट कर देश भर के वरिष्ठ नागरिकों के सावधि जमा पर ब्याज दर 10 प्रतिशत करने तथा बचत खाता पर 6 प्रतिशत ब्याजदर लागू करने हेतु वित्त मंत्री को निर्देश देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में आगे बताया है कि लगभग दस वर्ष पहले पोस्ट ऑफि स, बैंक, को-ऑपरेटिव सोसायटी आदि वित्तीय संस्थाओं में सावधि जमा योजनाओं में जमा राशि पर 10 प्रतिशत से अधिक ब्याज मिलती थी। परन्तु गत कुछ वर्षों में, शासन द्वारा तय आर्थिक नीति के कारण, ब्याज दरों में लगातार कमी हो रही है। इसका विपरित असर सीधा वरिष्ठज़नों पर हो रहा है। केन्द्र सरकार अनेक मोर्चो पर प्रशंसनीय कार्य कर रही है, यह निर्विवाद सत्य है। देश में आम जनता की खुशयाली बढ़े, समाज में सबसे निचले तबके की क्रयशक्ति बढ़े।इस दिशा में भरसक प्रयास हो रहे है इसमे सन्देह नही है,किन्तु ब्याज दरों में कटौती होने के कारण एक बड़े तबके की क्रयशक्ति घट रही है यदि इसकी भनक सरकार को नही है तो यह आश्चर्यजनक है । ज्येष्ठ नागरिकों के अर्थात वृद्धजनों के समुदाय में समाज के सभी वर्गों का समावेश होता है। उसमें सेवानिवृत्त केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी हैं, सेवानिवृत्त श्रमिकों का तबका हैं, सेवानिवृत्त छोटे बड़े व्यावसायिक हैं, वृद्ध किसान आदि सभी हैं,साथ ही इसमें अल्प मात्रा में पेन्शन की सुविधा पानेवाले वालों की संख्या भी शामिल है।

जारी विज्ञप्ति बताया है कि अपने देश के नागरिकों की मानसिकता है कि कठिन परिश्रम से अर्जित अपना पूरा का पूरा धन तुरन्त खर्च करने की नही होती। भविष्य में उपस्थित होने वाली जिम्मेदारियों का सामना करने के लिए और बुढ़ापे में आत्मनिर्भर रह कर स्वाभिमानपूर्वक जीवन यापन हो सके इसके लिए, हर व्यक्ति उसके अपने कार्यकाल में अर्जित धनराशि का कुछ हिस्सा अलग निकाल कर बचत करने हेतु वित्तीय संस्थाओं मे जमा रखने का कार्य करते है। इस अपेक्षा से कि सम्पूर्ण जीवनकाल में उसे अपेक्षानुरूप ब्याज मिलती रहेगी और वह निश्चिन्त होकर धनराशि जमा कर्ता वित्तीय संस्थाओं को सौपता देता है। लेकिन गत दस वर्षो से घटते हुए ब्याज दरों के कारण ज्येष्ठ नागरिक काफी चिंतित हैं और जिनका कोई सहारा नही वे बेहाल हैं। जिनके ऊपर घर-गृहस्थी की जिम्मेदारी है, उनकी अवस्था अत्यधिक शोचनीय होती जा रही है।

जारी विज्ञप्ति में उन्होनें अपनी वेदना व्यक्त करते हुये कहा है कि आर्थिक विचारों में जाने अन्जाने में हम पाश्चात्यों का अनुकरण करने का प्रयास कर रहें है, जब कि पाश्चात्यों और भारतीयों की मानसिकता में ही बहुत अन्तर है।

संपादकीय

ये दाग कतई अच्छे नहीं है

बॉलीवुड के दामन पर जो दाग लगे है वे कतई अच्छे नहीं है। बॉलीवुड में पसरी पड़ी गंदगी के खिलाफ कुछ खबरियां चैलनों ने अभियान चलाया तो बॉलीवुड में खलबली मच गई नतीजतन बड़े बड़े फिल्म निर्माता, निर्देश और अभिनेता एक जुट हो गए। इन लोगों ने मिलकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है जिसमें दो खबरियां चैलनों के नाम का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि ये बॉलीवुड को लेकर जिस अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे है वो उचित नहीं है इससे बॉलीवुड की छवि खराब हो रही है अतः इन खबरिया चैनलों को हाईकार्ट निर्देशित करें कि वह बॉलीवुड को बदलाम न करें। करण जौहर से लेकर अनेक फिल्म निर्माता निर्देशक तथा सलमान खान, आमिर खान, शाहरूख खान, अजय देवगन और अनिल कपूर जैसी लगभग 50 नामी गिरामी फिल्मी हस्तियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर जो गुहार लगाई है उसपर हाईकोर्ट का फैसला आना अभी बाकि है। ये वहीं फिल्मकार है जो कभी एकजुट नहीं हुए। राष्ट्रीय आपदाओं में भी इन्होने कभी एकजुटता नहीं दिखाई लेकिन जब इनके पेट पर लात पड़ने की संभावना नजर आई तो सभी आपसी मतभेद भुलाकर हम साथ साथ है का नारा लगाने लगे। बॉलीवुड में फैली गंदगी को कुछ खबरिया चैनलों ने उजागर किया तो इन्हे आपत्ति होने लगी जबकि हकीकत यही है कि बॉलीवुड में गंदगी बढ़ती ही जा रही है। यह ठीक है कि बॉलीवुड में सभी गंदे लोग नहीं है लेकिन जो गंदे है उनकी सफाई तो जरूरी है। बॉलीवुड में सातवें दशक के बाद से काले धन का प्रभाव बढ़ा है और फिल्मों में कुख्यात डॉन दाउद इब्राहिम का दखल भी बढ़ा था। इसी कारण अपराधियों और माफियाओं को महिमामंडित करने वाली फिल्मों की बाढ़ सी आ गई थी। अभी भी हिंसा और अश्लीलता से भरी फिल्मे बन रही है जिसे लोग परिवार सहित देख भी नहीं सकते। इन हिन्दी फिल्मों में सुनियोजित साजिश के तहत हिन्दु धर्म और संस्कृति का मजाक उड़ाने का दुःसाहस किया जा रहा है। अन्य धर्मा के खिलाफ ऐसी फिल्में बनाने का बॉलीवुड में साहस नहीं है। बॉलीवुड से तो अच्छी दक्षिण भारत की फिल्में है जिसमें कम से कम हिन्दु धर्म और संस्कृति का तो ध्यान रखा जाता है। बेहतर होगा कि आईने पर उंगली उठाने की जगह बॉलीवुड अपनी गिरेबान में झंककर देखें।

विचार

छोटा पड़ेगा नया पैकेज

वित्त मंत्री ने यह उम्मीद जरूर जताई है कि केंद्र सरकार की ही तरह राज्य सरकारें और प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां भी अगर अपने कर्मचारियों को एलटीसी में वैसी ही छूट दें तो बाजार में काफी पैसा पहुंच जाएगा। मगर ऐसी छूट देने के लिए उन्हें प्रेरित करने वाले किसी ठोस कदम की घोषणा का अभी इंतजार ही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अर्थव्यवस्था में आई जड़ता दूर करने और बाजार में नई मांग पैदा करने के लिए सोमवार को कई बड़े ऐलान किए। कुल मिलाकर 73 हजार करोड़ रुपये की छूटों, राहतों और अनुदानों के जरिए उनकी कोशिश यह है कि कोरोना महामारी और लॉकडाउन के संयुक्त परिणाम के रूप में उपभोक्ताओं के बीच खर्च करने को लेकर बनी हुई हिचक किसी तरह टूटे और इकॉनमी की रुकी हुई गाड़ी आगे बढ़े। सरकार की इन घोषणाओं की टाइमिंग इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि दशहरा, दिवाली से लेकर छठ, क्रिसमस और न्यू ईयर तक का त्योहारी सीजन अब शुरू ही होने वाला है। दो-ढाई महीने की इस अवधि में खरीदारी को लेकर लोगों में विशेष उत्साह रहता है और इसी वजह से कारोबार जगत की इससे खास उम्मीदें लगी होती हैं। इस बार तो यह सीजन जैसे मंदी के कगार पर खड़ी अर्थव्यवस्था के लिए बचाव के आखिरी मौके के रूप में आया है। मगर सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या वित्त मंत्री द्वारा घोषित पैकेजों से यह उम्मीद की जा सकती है कि इससे अर्थव्यवस्था को इतना जोरदार धक्का मिल पाएगा, जिससे यह स्टार्ट होकर अपनी गति पकड़ सके। अगर इसका जवाब उत्साहपूर्ण हां में देना मुश्किल हो रहा है तो इसकी एक बड़ी वजह यह है कि इन घोषणाओं की धुरी केंद्र सरकार के कर्मचारियों तक सिमटी हुई है, जो आम उपभोक्ताओं का एक अत्यंत छोटा हिस्सा भर हैं। वित्त मंत्री ने यह उम्मीद जरूर जताई है कि केंद्र सरकार की ही तरह राज्य सरकारें और प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां भी अगर अपने कर्मचारियों को एलटीसी में वैसी ही छूट दें तो बाजार में काफी पैसा पहुंच जाएगा। मगर ऐसी छूट देने के लिए उन्हें प्रेरित करने वाले किसी ठोस कदम की घोषणा का अभी इंतजार ही है। एक अलग कदम के रूप में राज्य सरकारों के लिए 50 साल के लिए ब्याजरहित लोन के रूप में जो 12,000 करोड़ रुपये दिए जाने की घोषणा की गई है उसमें भी इतनी सारी कैटिगरी बनाते हुए ऐसी शर्तें जोड़ दी गई हैं कि किस राज्य के पास कितना पैसा पहुंचेगा, कहना मुश्किल है। 1000 करोड़ रुपये किसी के भी हाथ नहीं आने वाले, इतना तय जान पड़ता है।

इसमें दो राय नहीं कि मौजूदा हालात में सरकार के भी हाथ बंधे हुए हैं। महंगाई और राजकोषीय घाटे को काबू में रखने का दबाव उस पर है। ज्यादा खर्च करने के जोखिम को वह नजरअंदाज नहीं कर सकती। लेकिन इसके बरक्स खर्च न करने या जरूरत से कम खर्च करने का खतरा भी कम गंभीर नहीं है। फैक्ट्रियों में उत्पादन की स्थिति बताने वाले आईआईपी (इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रॉडक्शन) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक अगस्त महीने में इसमें पिछले साल के मुकाबले 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। साफ है कि जुलाई महीने में दर्ज की गई 10.8 फीसदी की गिरावट के मुकाबले हालात कुछ खास नहीं सुधरे हैं।

भागवत का हिंदुत्व भी सर्वसमावेशी बन गया

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत के मुसलमान कौन हैं ? क्या ये अरब हैं, मंगोल हैं, तुर्क हैं, मुगल हैं, उइगर हैं ? हजार-पांच सौ साल पहले ये विदेशी अल्पसंख्या में भारत जरुर आए थे लेकिन अब तो वे इतने घुल मिल गए हैं कि उनका घराना-ठिकाना ही खोजना मुश्किल है। इन मुट्ठीभर विदेशियों के कारण क्या हमारे करोड़ों मुसलमानों को हम विदेशी मूल के कह सकते हैं ? इस प्रश्न का जवाब मैं अटलबिहारी वाजपेयी के शब्दों में देना चाहूंगा। उन्होंने कहा था कि भारत के मुसलमानों का खून, हमारा खून है और उनकी हड्डियां, हमारी हड्डियां हैं। कुछ वर्ष पहले दुबई के अपने एक भाषण के दौरान जैसे ही मैंने कहा कि भारत के मुसलमान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मुसलमान हैं तो श्रोताओं में बैठे कई अरब शेखों के चेहरों पर अचानक तनाव आ गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुसलमानों के प्रति आजकल रवैया क्या है, इस प्रश्न पर बहस चल पड़ी है। बहस का मुख्य कारण संघ के मुखिया मोहन भागवत के कुछ बयान हैं। अभी-अभी उन्होंने कहा है कि दुनिया में सबसे ज्यादा संतुष्ट कोई मुसलमान है तो वह भारत का मुसलमान है। पिछले साल उन्होंने अपने विज्ञान भवन के भाषण में कहा था कि हिंद में जो भी पैदा हुआ है, वह हिंदू है। भारत के मुसलमान भी हिंदुत्व के दायरे से बाहर नहीं हैं। उन्होंने माना कि 'हिंदू' शब्द हमें विदेशियों (मुसलमानों) ने दिया है। लेकिन अब वह हमसे चिपक गया है। पिछले दिनों पड़ौसी देशों के शरणार्थियों के लिए जो नागरिकता संशोधन कानून बना है, उसके बारे में संघ का कहना है कि उसमें मजहब और जाति का अड़ंगा लगाना ठीक नहीं है।

भारत के मुसलमान दुनिया में सबसे संतुष्ट हैं, यह बात कोई बड़े मुल्ला-मौलवी या कोई नामी-गिरामी मुस्लिम नेता कह देते तो बेहतर होता लेकिन उनके खिलाफ काफिराना हरकत के फत्वे जारी हो जाते। लेकिन संघ और मोहन भागवत के उक्त बयानों से भी कुछ मुस्लिम नेता खुश नहीं हैं। उनका मानना है कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है, देश के मुसलमानों पर बड़ा अत्याचार हो रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने तो यहां तक कह दिया कि भारत तो अब हिटलर का जर्मनी बन रहा है। यहूदियों पर हिटलर जो जुल्म करता था, वे अब भारत के मुसलमानों पर हो रहे हैं। वे धारा 370 को खत्म करने पर बोल रहे थे। जाहिर है कि मुसीबतों में फंसे पाकिस्तान के नेता भारत पर ये इल्जाम इसलिए भी लगाते हैं कि उनके वोट वहां पक्के हो जाएं लेकिन हमारे मुस्लिम नेताओं को वैसे आरोप लगाते समय कुछ मुद्दों पर जरुर ध्यान देना चाहिए। सबसे पहले तो यह कि पिछले पांच-छह साल में मुसलमानों के साथ यहां-वहां जैसी भी हिंसा और जोर-जबर्दस्ती हुई है, वैसी क्या बरसों-बरस तक कांग्रेसी राज में नहीं होती रही है ? यह किसी पार्टी-विशेष का मसला नहीं है। यह भारतीय समाज के आंतरिक अंतर्विरोधों का परिणाम है। भारत के मुसलमान कौन हैं ? क्या ये अरब हैं, मंगोल हैं, तुर्क हैं, मुगल हैं, उइगर हैं ? हजार-पांच सौ साल पहले ये विदेशी अल्पसंख्या में भारत जरुर आए थे लेकिन अब तो वे इतने घुल मिल गए हैं कि उनका घराना-ठिकाना ही खोजना मुश्किल है। इन मुट्ठीभर विदेशियों के कारण क्या हमारे करोड़ों मुसलमानों को हम विदेशी मूल के कह सकते हैं ? इस प्रश्न का जवाब मैं अटलबिहारी वाजपेयी के शब्दों में देना चाहूंगा। उन्होंने कहा था कि भारत के मुसलमानों का खून, हमारा खून है और उनकी हड्डियां, हमारी हड्डियां हैं। कुछ वर्ष पहले दुबई के अपने एक भाषण के दौरान जैसे ही मैंने कहा कि भारत के मुसलमान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मुसलमान हैं तो श्रोताओं में बैठे कई अरब शेखों के चेहरों पर अचानक तनाव आ गया। मुझे उन्हें बताना पड़ा कि ऐसा क्यों है ? ऐसा इसलिए है कि भारत के मुसलमानों ने इस्लाम की नई विचारधारा को कबूल तो किया लेकिन उनकी नसों में हजारों साल पुरानी भारतीय संस्कृति भी प्रवाहित होती है। दोनों का सम्मिश्रण ही उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनाता है।

भारत का मुसलमान सर्वश्रेष्ठ तो है ही, वह निश्चित रुप से उन देशों के मुसलमानों से कहीं बेहतर हालात में हैं, जहां वह अल्पसंख्यक है। हमारे मुसलमानों की तुलना जरा उन देशों से कीजिए, जो ईसाई हैं, बौद्ध हैं, यहूदी हैं और कम्युनिस्ट हैं। सुन्नी देशों में शिया और शिया देशों में सुन्नी मुसलमानों की दशा क्या है ? पाकिस्तान में तो वे एक-दूसरे पर भयंकर हिंसक हमले करते ही रहते हैं।

भारत का मुसलमान सर्वश्रेष्ठ तो है ही, वह निश्चित रुप से उन देशों के मुसलमानों से कहीं बेहतर हालात में हैं, जहां वह अल्पसंख्यक है। हमारे मुसलमानों की तुलना जरा उन देशों से कीजिए, जो ईसाई हैं, बौद्ध हैं, यहूदी हैं और कम्युनिस्ट हैं। सुन्नी देशों में शिया और शिया देशों में सुन्नी मुसलमानों की दशा क्या है ? पाकिस्तान में तो वे एक-दूसरे पर भयंकर हिंसक हमले करते ही रहते हैं। मुसलमानों में अहमदिया, कादियानी, मेहदी, मेमन, मुहाजिर, पठान, बलूच, सिंधी और पंजाबी लोग एक-दूसरे पर शोषण और जुल्म के इल्जाम लगाते रहते हैं। वे अक्सर एक-दूसरे पर 'तफरका और ताअस्सुब' का संदेह करते रहते हैं। यदि बंगाली मुसलमानों पर जुल्म नहीं हो रहा होता तो क्या बांग्लादेश बनता ? पाकिस्तान में हिंदुओं, सिखों और ईसाइयों की जो हालत हैं, क्या भारत में मुसलमानों की भी वही हालत है ? क्या मुस्लिम देश में कोई गैर-मुस्लिम कभी राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बना है ? भारत में विधायक और सांसद ही नहीं, मंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल ही नहीं, भारत के राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति भी कई मुसलमान बने हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत का प्रधानमंत्री भी कभी कोई मुसलमान बन जाए। पिछले 50 वर्षों में ऐसे दर्जनों ईसाई, बौद्ध और कम्युनिस्ट देशों में मैं रहा हूं, पढ़ा हूं, पढ़ाया हूं और घूमा हूं, जहां मुसलमान हैं तो सही लेकिन भारत की तरह अल्पसंख्या में हैं। मैं उनकी स्थानीय भाषाएं जानता रहा हूं और उनसे मेरे बहुत खुले और आत्मीय संवाद भी होते रहे हैं। सत्य तो यह है कि वे जहां भी अल्पसंख्या में हैं, उनका जीना दूभर है। सोवियत संघ के उजबेक, ताजिक, किरगीज़, कजाक और तुर्कमान लोगों को मैंने रुसियों की गुलामी करते हुए देखा है। चीन के शिनच्यांग प्रांत के उइगर मुसलमानों की दशा देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो जाते थे। फ्रांस के अल्जीरियाई और अफ्रीकी मुसलमानों के इस्लामी रहन-सहन और पहनावे पर तरह-तरह के प्रतिबंध हैं। अन्य यूरोपीय देशों में कुरान शरीफ और इस्लामी महापुरुषों की खुले-आम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। इस्राइल में मुस्लिम फलस्तीनियों का क्या हाल है, सारी दुनिया जानती है।

इसका अर्थ यह नहीं कि भारत के मुसलमान सउदी अरब के मुसलमानों की तरह मालदार और ताकतवर हैं। वे वैसे हो ही नहीं सकते थे। क्योंकि भारत में ज्यादातर वे ही लोग मुसलमान बने, जो गरीब, ग्रामीण, अशिक्षित, मेहनतकश और कमजोर थे। वही धारावाहिकता आज भी कायम है। उनसे भी ज्यादा बदहाल वे हिंदू हैं, जो दलित हैं, आदिवासी हैं, पिछड़े हैं, मेहनतकश हैं। मुसलमानों की हालत भारत में कहीं बेहतर है, क्योंकि भारत की संस्कृति सहनशीलता पर आधारित है। इस्लाम से भी अधिक कट्टरपंथी संप्रदाय हिंदुओं में हैं लेकिन उन्हें भी बर्दाश्त किया जाता है। एतराज तभी होता है, जब मजहब को राजनीति का आधार बनाया जाता है, जैसा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने बनाया था। जिन्ना का मुंहतोड़ जवाब सावरकर और गोलवलकर थे। अब देश-काल बदल गया है। इसीलिए मोहन भागवत का हिंदुत्व भी सर्वसमावेशी बन गया है। भागवत ने पुरानी लकीर काटी नहीं है। बस, एक बड़ी लकीर खींच दी है।

फारुक के सुरों में देशद्रोह की बू

श्याम सुंदर भाटिया

फारुक़ को आड़े हाथों लेते हुए जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना कहते हैं, जम्मू-कश्मीर किसी के बाप-दादा की जागीर नहीं है, यह हमारी मातृ भूमि है। फ़ारुक़ चीन का सहारा लेना बंद करें और खयाली पुलाव न पकाएं। डॉ. फ़ारुक़ अब्दुल्ला मानते हैं, केंद्र सरकार विशेष रुप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के प्रति उनका मोहभंग हो गया है। घाटी के लोगों का केंद्र सरकार में कई विश्वास नहीं है।अब्दुल्ला ने पांच अगस्त, 2019 को कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने को लेकर हुए फैसले से 72 घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बैठक में हुए संवाद का खुलासा भी किया। अब्दुल्ला ने कहा, प्रधानमंत्री ने बैठक में अनुच्छेद 370 और 35ए को लेकर एक शब्द नहीं कहा।

भारत माता की जय बोलने वाले डॉ. फ़ारुक़ अब्दुल्ला की जुबां अब शोले उगल रही है। स्वर एकदम देशद्रोह सरीखे हैं। भाव-भंगिमाएं तनी हैं। चेहरा तमतमाया हुआ है। कश्मीरियों के कंधे पर एके-47 रखकर असंवैधानिक और गरिमाहीन शब्दों की दनादन फ़ायरिंग कर रहे हैं। कश्मीर के लोग खुद को भारतीय नहीं मानते हैं, न ही वे भारतीय होना चाहते हैं। कश्मीरी भारत के बजाए चीनी राज पसंद करेंगे। दरअसल देश विरोधी तल्ख़ बयानों ने हमेशा कश्मीर की सियासत में खाद-पानी का काम किया है। नतीजन कश्मीर को विकास की धारा से कोसों दूर रखा। हकीकत यह है, आखिर दिल की बात जुबां पर आ ही गई है। बड़े अब्दुल्ला मानते हैं, कश्मीर लोगों के साथ अब दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा सुलूक किया जा रहा है। उनके हालात गुलाम सरीखे हैं, इसीलिए जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद 35ए पुनः बहाल किया जाए। उन्होंने यह भड़ास वेबसाइट और पत्रिका को दिए अलग-अलग इंटरव्यू में निकाली। इन गुफ्तगू में वह आपा खो बैठे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धोखेबाज की संज्ञा देने में नहीं चूके। बोले, चीन ने कभी भी अनुच्छेद 370 ख़त्म करने की वकालत नहीं की है। हमें उम्मीद है, आर्टिकल 370 को फिर से चीन की मदद से बहाल किया जा सकेगा। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा समाप्ति से बेहद आहत बड़े अब्दुल्ला ने इसे ताबूत में आख़िरी कील करार दिया। वह कहते हैं, घाटी के लोगों ने गांधी के भारत को चुना था, न कि मोदी के भारत को। वह सवाल-दर-सवाल करते हैं। पूछते हैं- घाटी की हर गली में सैनिक एके -47 लिए हुए खड़े हैं, आजादी कहां है? लगता है, डॉ. फ़ारुक़ अब्दुल्ला का कोई कसूर नहीं है। देशद्रोह की चालें उनके जीन्स में हैं। इतिहास गवाह है, जम्मू-कश्मीर के भारतीय अधिग्रहण के बादडॉ. फ़ारुक़ अब्दुल्ला के पिता शेख अब्दुल्ला की प्रधानमंत्री के पद पर ताजपोशी हुई, लेकिन तत्कालीन सदर-ए-रियासत डॉक्टर कर्ण सिंह ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। 1953 में बर्खास्तगी के मूल में तो शेख अब्दुल्ला पर कश्मीर कॉन्सपिरेसी का आरोप था।

हालाँकि कहा यह जाता है, उन्हें सदन में बहुमत नहीं होने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। शेख अबदुल्ला की केबिनेट के साथी बख्शी गुलाम मोहम्मद को कश्मीर का प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया गया। थोड़े ही दिन बाद कश्मीर कॉन्सपिरेसी के आरोप में फ़ारुक़ अब्दुल्ला के पिता शेख अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया। वह करीब 11 बरस जेल में रहे। अब फ़ारुक़ के बेटे उमर अब्दुल्ला अपने दादा और पिता की डगर पर चलने की फिराक में हैं। कहते हैं, पूत के पांव पालने में दिखाई दे जाते हैं। उमर ने एक न्यूज़ पेपर में लिखे अपने आर्टिकल में ऐलान किया है, जब तक जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश रहेगा, वह विधान सभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला मानते हैं , मौजूदा समय में कश्मीरी नागरिक खुद को भारतीय नहीं समझते और वे भारतीय रहना भी नहीं चाहते हैं। इसके बजाए कश्मीरी नागरिक चीनी शासन में रहने को तैयार हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और चार दशकों से जम्मू कश्मीर की राजनीति में भारत समर्थित चेहरों में से एक रहे अब्दुल्ला ने कश्मीरियों की तुलना गुलामों से करते हुए कहा, उनके साथ देश के दोयम दर्जे के नागरिकों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। भाजपा का यह कहना भी बिल्कुल निरर्थक है , कश्मीर के लोगों ने अगस्त 2019 में हुए बदलावों को स्वीकार कर लिया है, वह भी सिर्फ इसीलिए कि वहां कोई प्रदर्शन नहीं हुए।अगर कश्मीर की हर सड़क से सैनिकों को हटा दिया जाए और वहां से धारा 144 भी हटा दी जाए तो लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर आ जाएंगे। अब्दुल्ला ने इन इंटरव्यू में बताया, घाटी को हिंदुओं से भर देने और घाटी को हिंदुओं को बहुमत में लाने के लिए ही नया डोमिसाइल कानून लाया गया। इससे कश्मीर के लोगों में और कड़वाहट पैदा हुई है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा पूछते हैं, देश की संप्रभुता पर प्रश्न उठाना, देश की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाना क्या एक सांसद को शोभा देता है? क्या ये देश विरोधी बातें नहीं हैं? उन्होंने आगे कहा, ''इन्हीं डॉ. फ़ारुक़ अब्दुल्ला ने भारत के लिए कहा था कि पीओके क्या तुम्हारे बाप का है, जो तुम पीओके ले लोगे, क्या पाकिस्तान ने चूड़ियां पहनी हैं। पाकिस्तान और चीन को लेकर जिस प्रकार की नरमी और भारत को लेकर जिस प्रकार की बेशर्मी इनके मन में है, ये बातें अपने आप में बहुत सारे प्रश्न खड़े करती हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

विचार नही मिलने से

विचार नही मिलने से कोई दुश्मन नही हो जाता,,,बाकी जिसकी जितनी समझ,,,,वैचारिक मतभेद आजकल कब मनभेद में कन्वर्ट हो जाते हैं, पता ही नही चलता,,सब बौद्धिक स्तर का खेल है,,,जो मन पर ज्यादा हावी हो जाता है,,, जो जिस लेवल पर ले जाना चाहे उसकी मर्जी...!!

– निशा रावल

जिंदगी तेरी करतूतों

जिंदगी तेरी करतूतों पर मेरी कोशिशें भारी है आज तेरी होशियारी है पर कल मेरी बारी है। दिखाले तू भी अपना दमखम हर कदम पे जख्म हजार दे तेरे आगे खड़ी मेरी खुद्दारी है। कितने ही बिछाए कोई झूठ के काँटें राह में झूठे काँटों का जवाब बस मेरी ईमानदारी है। तेरे दामन में जितने सुख उतने ही दुख भी मेरी आँखों में देख सपनों की चिंगारी है। – मीना सोनी

ख़ास पाती | हिन्दी औ उर्दू सी लज्ज़त पाई

हिन्दी औ उर्दू सी लज्ज़त पाई है। भोजपुरी का लहजा दूध मलाई है। मोम से ज्यादा माँ कहना मीठा है पर। माँ जी से भी ज्यादा मीठी माई है। उसके साथ भी खाली था घर लेकिन अब। मैं हूँ इक तस्वीर है औ तन्हाई है। एक बुराई अपने दिल में पाल के सब। देख रहे हैं किस किस में अच्छाई है। रोज नयी दीवार उठाते हैं घर में । घरवालों के बीच में फिर भी खाई है। हाथ में है कशकोल अभी भी बच्चों के। ये भी अपने दौर की इक सच्चाई है । सीधे घर के अंदर आ जाती है दोस्त । बीमारी ने कुण्डी कब खडकाई है । घर-घर मातम फैल गया है पर अब भी। कोरोना पर चाल हमारी ढाई है। – राजीव कुमार

एक बात कहूं तुम हंस सकते

एक बात कहूं तुम हंस सकते हो मेरी बेवकूफी भरी बातों पर मुझे इंतजार भी नहीं फिर भी देखती हूँ आते जाते रास्तों को कभी कोई आते हुए दिखे दिखते भी हैं आते हुएलौट कर जाते हुए भी सड़क का इक छोर से उस छोर तक का बिन बोला गुमसुम छटपटाता सफर मुड़ जाती हैं गलियाँ मुख मोड़बिन देखे दूसरी गली बिन मिले बिन गले लगे औंधे मुँह पड़ती हैं कटी डाल सी जैसे पेड़ से जुदा हो कर सिसकते हुए तकियें में मुँह छुपा इन बेवकूफियों पर जितना हँसना हो हँस सकते हो तुमजिंदगी का सफर यूं ही अभी खतम तो नहीं आँखे निरंतर हैं प्रतीक्षारत। – प्रतिमा शर्मा

आसान नहीं है साहब यूं किसी

आसान नहीं है साहब यूं किसी का राजनेता हो जाना, अपने ही समर्थकों को कुर्सी खातिर छलना पड़ता है। असहाय लाचारों के जीवन की बलि मांगती राजनीति, कार्यकर्ताओं औ गरीबों की लाशों पर चलना पड़ता है। – संजय सिंह राजपूत

याद रखिए स्त्रियों की कोई

याद रखिए, स्त्रियों की कोई जाति नही होती।स्त्रियां जाति निरपेक्ष होतीं है। यदि आप अब भी मनीषा को बाल्मीकि से जोड़ कर देख रहें हैं, तो आप आंखों वाले अंधे हैं और उस कबूतर की तरह आंखे बंद कर रहे हैं, जो बिल्ली को सामने देखकर आंखें बंद कर लेता है और सोचता है कि खतरा टल गया। बिल्ली ठीक आपकी आंखों के सामने खड़ी है। अब निर्णय आपको स्वयं ही लेना है,कि यह सत्य आंख खोलकर स्वीकार करना है या आंखे बंद कर। – ममता अमर

एक दल छोड़कर दूसरे दल में



एक दल छोड़कर दूसरे दल में शामिल होने वाले लोगो को चाहिए कि जिस दल में शामिल हो रहे हों उस दल के बुराइयों से सम्बंधित अपने सारे पिछले पोस्ट डिलीट करके ही नये दल में शामिल हों ताकि जिस घटना जिस बयान पर आपने आलोचना किया था वह आलोचना नए दल में शामिल होने पर आपके लिए ही लौट के न आने पाए। – संत आर थवाईत

अब कंपनियां भी बहिष्कार के

अब कंपनियां भी बहिष्कार के खेल में शामिल हो गयी हैं। हमें और अधिक जागरूक होकर इस खेल पर नज़र रखना होगा। जिस भी उत्पाद का विज्ञापन जान-बूझ कर राष्ट्रवादी चैनलों पर नही दिये जाते हों, उसका उपयोग हमें नही करना चाहिए। अनेक मोर्चों पर एक साथ लड़ते रहने की ज़रूरत है। एक धक्का और दो। – पंकज कुमार झा

लॉक डाउन की सबसे बड़ी मार

लॉक डाउन की मार उन ब्राह्मण परिवारों पर पड़ी, जिनकी आजीविका मंदिर से जुड़ी हुई थी। दर दर की ठोकरें खा रहे हैं ब्राह्मण। ब्राह्मण भिक्षावृति करने को मजबूर हैं। मंदिरों अभी भी नहीं खुले , कहाँ जायें ये बेचारे, वक्त के मारे। इनका दर्द कोई नहीं देख रहा है। – ओम प्रकाश जायसवाल

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ के न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला कौन सा है?

2) 1857 ई. में छत्तीसगढ़ के रायपुर डाकघर के पहले पोस्टमास्टर के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

3) किसने महासमुद्र में विवेक वर्धन आश्रम की स्थापना किसने की थी?

4) गढ़ीया पहाड़ किस जिले में है? (कोरिया / बीजापुर / कांकेर / नारायणपुर)

5) बस्तर के गाँधी का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नारायणपुर (2) लेफ्टिनेण्ट स्मिथ (3) यति यतनलाल (4) कांकेर (5) मनकूराम सोढ़ी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1542- मुगल सम्राट अकबर का जन्म। 1878- एडिसन ने इलेक्ट्रिक लाइट कंपनी की स्थापना की। 1917- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान नीदरलैंड की प्रसिद्ध नृत्यांगना माता हारी को जर्मनी के लिए जासूसी करने के आरोप में फ्रांसीसी सैनिकों ने गोली मारी। 1924- अमेरिकी राष्ट्रपति काल्विन कूलीड्ज ने स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया। 1931- पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म। 1932- टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरुआत की। 1949- त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया। 1961- लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन। 1978- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1988- उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी। 1990- बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन। 1990- सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। 1996- फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना। 1997- अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ़स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया। 1998- गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2006- संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।

एनिमेटेड अवतार में धूम मचाएगा 'सिंबा'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की सुपरहिट फिल्म 'सिंबा' अब एनीमेशन में नजर आयेगी। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म 'सिंबा' में रणवीर सिंह और सारा अली खान ने मुख्य भूमिका निभायी थी। फिल्म 'सिंबा' अब एनीमेशन में बन कर तैयार है। फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी ने एनिमेटेड स्पिन-ऑफ शो 'स्मैशिंग सिंबा' के टीजर को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया। यह शो इस साल दीवाली पर एक किड्स चैनल पर रिलीज होगा। रिलायंस एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, स्मैसिंग सिम्बा दहाड़ रहा है, माइंड इज ब्लोइंग! इस तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी बनने के इच्छुक किशोर के कारनामों में शामिल हों।

कंगना ने 'थलाइवी' के लिए बढ़ाया 20 किलो वजन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म 'थलाइवी' के लिये 20 किलोग्राम वजन बढ़ाया है। कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'थलाइवी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री और अभिनेत्री जयललिता के जीवन पर आधारित है, जिसमें कंगना जयललिता की मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के लिये उन्होंने अपना वजन बढ़ाया था, जिससे वह थलाइवी के किरदार में फिट बैठ सकें।

कंगना ने योग करते हुए अपनी एक फोटो ट्विटर अकाउंट पर शेयर की है। कंगना ने कैप्शन में लिखा, थलाइवी के लिए मैंने अपना 20 किलो वजन बढाया था। अब हम इसे कम्प्लीट करने के काफी करीब हैं। ऐसे में मुझे अब अपने पुराने शेप में लौटने की जरूरत है।

अक्षरा सिंह का देवी गीत 'निमिया के गछिया' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह का देवी गीत 'निमिया के गछिया' आज टिप्स भोजपुरी ने अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया। अक्षरा सिंह का यह गाना नवरात्र स्पेशल देवी मां के भक्तों को समर्पित है, जिसे अक्षरा सिंह के खूबसूरत आवाज में रिकॉर्ड किया गया है। इस नवरात्र अक्षरा का यह पहला गाना है, जो रिलीज के साथ वायरल भी होना शुरू हो गया है। देवी गीत 'निमिया के गछिया' के म्यूजिक वीडियो में अक्षरा सिंह खुद भी देवी मां की प्रस्तुति कर रही हैं। इस गीत के लिरिक्स मनोज मतलबी ने तैयार किये हैं, वहीं म्यूजिक अविनाश झा घुंघरू के हैं।

अक्षरा ने कहा, मां के आशीर्वाद और अपने फैंस के प्यार ने मुझे जिंदगी में बहुत कुछ दिया। हर साल मां नौ दिन के लिए आती हैं और हमें अपना आशीर्वाद देती हैं। साथ ही सारे दुख हर ले जाती हैं। इस गाने के जरिये मैंने मां को याद किया है, क्योंकि कोविड-19 ने इस साल दुनिया में तबाही मचाई है। मां दुर्गे से विनती है कि वे जगत का कल्याण करें। उम्मीद है सबों को बेहद पसंद आएगी।

'बंटी और बबली 2' की डबिंग पूरी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की आने वाली फिल्म 'बंटी और बबली 2' की डबिंग पूरी कर ली गयी है। यश राज बैनर तले बनी सुपरहिट फिल्म बंटी और बबली के सीक्वल 'बंटी और बबली 2' में सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की मुख्य भूमिका है। कलाकारों ने फिल्म की डबिंग पूरी कर ली है। फिल्म अब रिलीज के लिए तैयार है। निर्देशक वरुण वी. शर्मा ने कहा, ÷सभी कलाकारों ने फिल्म के लिए डबिंग का काम पूरा कर लिया है। 'बंटी और बबली 2' गुदगुदाने वाली फिल्म है और हम दर्शकों को अपनी फिल्म दिखाने का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं।

गौरतलब है कि 'बंटी और बबली 2' में सैफ अली खान और रानी मुखर्जी फिर से एक बार साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'हम तुम' और 'ता रा रम पम' जैसी फिल्मों में एक साथ अभिनय किया है।

शतरंज में काम करेंगे हितेन तेजवानी

मुंबई (वार्ता)। छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता हितेन तेजवानी फिल्म 'शतरंज' में काम करते नजर आयेंगे। स्टार भारत के सीरियल 'गुप्ता ब्रदर्स चार कुंवारे फ्रॉम गंगा किनारे' में शिव नारायण गुप्ता के किरदार में नजर आ रहे हितेन तेजवानी अब फिल्म 'शतरंज' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे। हितेन ने फिल्म की चर्चा करते हुये कहा, ÷फिल्म का नाम है शतरंज और जैसे शतरंज के खेल में होता है, हर एक मोहरा होता है, हर एक प्यादा होता, सभी की अलग-अलग चाल होती है।

टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे

पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता पद से हटे मिस्बाह

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मिस्बाह उल हक ने पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता पद से बुधवार को इस्तीफा दे दिया लेकिन वह टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे।

मिस्बाह पिछले साल सितंबर से मुख्य चयनकर्ता और टीम के मुख्य कोच के पद पर बने हुए थे। मुख्य चयनकर्ता पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वह मुख्य कोच के रुप में अपना ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं इसलिए चयनकर्ता पद से हट रहे हैं।

मिस्बाह ने कहा, ÷मेरा जुनून मैदान मैदान के अंदर है और इसी कारण मैं यह फैसला ले रहा हूं। मैं खिलाड़ियों के साथ काम करना चाहता हूं। मैंने दोहरी भूमिका का आनंद उठाया है लेकिन अपने 12 महीने के कार्यकाल के बाद मैंने अगले 24 महीने के कार्यकाल में काम का बोझ देखते हुए यह फैसला लिया कि मुझे एक भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷कोचिंग मेरा जुनून है और मेरा उद्देश्य खिलाड़ी विकसित करना और पाकिस्तान टीम को सफलता दिलाना है। जब पिछले साल मुझे इस पद पर नियुक्त किया गया तो सबसे पहले मुझे कोचिंग का प्रस्ताव आया था इसके बाद मुझे मुख्य चयनकर्ता पद का प्रस्ताव दिया गया जिसे मैंने स्वीकार्य किया। मैं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का मुझे समझने और मेरा समर्थन करने के लिए शुक्रगुजार हूं। मिस्बाह ने कहा, ÷मैंने अपनी दोहरी भूमिका पर कुछ समय से विचार किया। मेरी नेशनल हाई परफॉरमेंस स्टाफ और क्रिकेट कोच संघ के साथ पिछले दो सप्ताह में बैठक हुई जिसमें मुझे फैसला लेने में मदद मिली। मुझे लगता कि हमारे पास एक मजबूत प्रणाली है। मिस्बाह के मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच रहते पाकिस्तान ने सिर्फ दो सीरीज खेली है जहां उसे मिलीजुली सफलता मिली थी। पाकिस्तान ने इस साल जनवरी में बंगलादेश के साथ सीरीज खेली थी जहां उसे तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि पहले टेस्ट मैच के बाद कोरोना के कारण यह सीरीज बीच में ही रोकनी पड़ी थी। पहले टेस्ट में हालांकि पाकिस्तान को जीत मिली थी।

पाकिस्तान ने इंग्लैंड दौरा किया जहां बारिश से बाधित टेस्ट सीरीज में उसे 1-0 से हार का सामना करना पड़ा जबकि टी-20 सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी।

गिरावट से उबरा रुपया

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में नरमी से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये में आज चार पैसे की मजबूती रही और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 73.31 रुपये का बिका। भारतीय मुद्रा में दो दिन बाद तेजी दिखी है। दो दिन यह 19 पैसे लुढ़क चुकी थी। गत दिवस सात पैसे टूटकर 73.35 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये पर आज आरंभ में दबाव रहा। यह चार पैसे की गिरावट में 73.39 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कमजोर होता हुआ 73.47 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। हालाँकि इसके बाद एक बार फिर इसमें मजबूती आई। कारोबार की समाप्ति से पहले 73.29 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के उच्चतम स्तर को छूने के बाद अंत में यह 73.31 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

सितंबर माह में 39 लाख लोगों ने की हवाई यात्रा

नई दिल्ली (वार्ता)। हवाई सफर के प्रति यात्रियों के बढ़ते विश्वास के दम पर सितंबर में घरेलू मार्गों पर यात्रियों की संख्या 39 लाख के पार पहुँच गई।

नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा आज जारी आँकड़ों के अनुसार, सितंबर में 39 लाख 43 हजार यात्रियों ने घरेलू मार्गों पर हवाई सफर किया। इससे पहले अगस्त में यह संख्या 28 लाख 32 हजार रही थी। इस प्रकार माह-दर-माह आधार पर इसमें 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

कोविड-19 के कारण पूर्ण बंदी के बाद यह किसी महीने में यात्रियों की सर्वाधिक संख्या है। हालाँकि कोविड-19 से पहले के मुकाबले इसमें गिरावट आई है। पिछले साल सितंबर के मुकाबले इस साल सितंबर में यात्रियों की संख्या 65.82 प्रतिशत कम रही है। सितंबर 2019 में एक करोड़ 15 लाख 33 हजार यात्रियों ने सफर किया था।

एमवे इंडिया ने की 'नारी शक्ति' परियोजना की घोषणा

मुंबई। महिलाओं को आगे लाकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध और देश में गिग इकोनॉमी इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में प्रमुख कदम के रूप मेंदेश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडियाने हाल ही में 'नारी शक्ति' परियोजना के लॉन्च की घोषणा की। अपनी 10-वर्षीय विकास दृष्टि के हिस्से के रूप मेंएमवे का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना जारी रखना है और उन्हें फिटनेस,स्वस्थ जीवन,पाक कला या सुंदरता संबंधी अपने जुनून को जीने के दौरान खुद का व्यवसाय संचालित करने का अवसर प्रदान करना है। पूर्वी क्षेत्र से शुरू होकरनारी शक्ति परियोजना एमवे के मौजूदा वूमेन डायरेक्ट सेलर्स के मौजूदा समूह को अपने स्वतंत्र एमवे व्यवसायों को सफलतापूर्वक चलाने के लिए उनके मौजूदा कौशल को निखारकर आगे लाने पर लक्षित है।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुएएमवे इंडिया के सीईओअंशु बुधराजा ने कहा,÷वर्तमान स्वास्थ्य संकट ने नौकरियों के संदर्भमें बढ़ती अनिश्चितता के कारण गिग इकोनॉमी इकोसिस्टम में लचीली भूमिकाओं की स्वीकार्यता को बढ़ा दिया है। महिलाएं भारत के वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और एमवे महिलाओं के उत्थान की दिशा में काम कर रहा हैतथा लंबे समय से समान अवसर मुहैया कराने वाला खिलाड़ी बनकर उन्हें सहयोग प्रदान कर रहा है। हमारा मानना है कि महिला उद्यमी भारत में हमारे भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हम विकास के माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

इसुजु मोटर्स ने लाँच किये बीएस 6 डी मैक्स रेगुलर और एस कैब

नई दिल्ली (वार्ता)। हल्के व्यावसायिक एवं यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी इसुजु मोटर्स इंडिया ने आज भारत में बीएस 6 डी मैक्स रेगुलर कैब और डी मैक्स एस कैब लॉन्च किए। कंपनी ने अपने व्यावसायिक वाहनों की रेंज का विस्तार करते हुए 1,710 किलोग्राम के पेलोड के साथ एक नए वैरिएंट डी-मैक्सा सुपर स्ट्रॉन्ग का संकलन किया है। 2.5 लीटर इसुजु 4जेए1 इंजन से लैस है। डी-मैक्स रेगुलर और डी-मैक्स एस-कैब स्पलैश व्हाइट और टाइटेनियम सिल्वर रंगों के साथ-साथ ऑल न्यू गैलेना ग्रे कलर में उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा कि नए डी-मैक्स सुपर स्ट्रॉन्ग की मुंबई में एक्स शोरूम कीमत 8,38,929 रुपये होगी। आगामी त्योहारी सीजन के लिए संपूर्ण डी-मैक्स रेंज की एक आकर्षक इंट्रोडक्टरी कीमत होगी।

फ्लिपकार्ट ने 'द बिग बिलियन डेज़' सेल लांच की

बैंगलरु। भारत में विकसित फ्लिपकार्ट ग्रुप देश के लाखों रिटेलरों व छोटे कारोबारों को त्योहारों के इस मौसम में प्रसन्न करने के लिए तैयार है। दिनांक 16 अक्टूबर से फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप और बैस्ट प्राइस के सभी कैश-एंड-कैरी स्टोर्स पर भी 'द बिग बिलियन डेज़' सेल लांच की जा रही है जो 21 अक्टूबर तक चलेगी। देश के 9 राज्यों में 28 बैस्ट प्राइस कैश-एंड-कैरी स्टोर्स पर होने वाली 'द बिग बिलियन डेज़' सेल के तहत 200 से अधिक ब्रांडों और 45 से अधिक श्रेणियों में 800 से अधिक उत्पादों पर आकर्षक ऑफर दिए जाएंगे। बैस्ट प्राइस सदस्य सीधे स्टोर में जा सकते हैं या बैस्ट प्राइस वैबसाइट / ऐप के जरिए ऑर्डर कर सकते हैं। उन्हें पैकेज्ड फूड, होम केयर, पर्सनल केयर, इलेक्ट्रॉनिक्स व अप्लायंसिस और सामान्य वस्तुओं की विस्तृत रेंज उपलब्ध होंगी।

फुटबॉल लीजेंड रोनाल्डो हुए कोरोना से संक्रमित

लिस्बन (वार्ता)। पुर्तगाल के फुटबॉल लीजेंड क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। पुर्तगाल फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। महासंघ ने कहा कि रोनाल्डो अच्छा महसूस कर रहे हैं और उनमें इस वायरस के कोई लक्षण नहीं है। वह फिलहाल आइसोलेशन में है और उन्हें बुधवार को स्वीडन के खिलाफ होने वाले नेशन लीग के मुकाबले से बाहर रखा गया है। 35 वर्षीय रोनाल्डो इस टूर्नामेंट में रविवार को फ्रांस के खिलाफ मैच में खेले थे और यह मुकाबला गोल रहित ड्रा रहा था। इसके अलावा वह पिछले सप्ताह स्पेन के खिलाफ भी खेले थे। उन्होंने हाल ही में पुर्तगाल टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ फोटो पोस्ट की थी जहां सभी खिलाड़ी एक दूसरे के पास बैठे हुए थे।

आईपीएल - 2020

पंजाब के लिए यह करो या मरो, वापसी के लिए नही बचे ज्यादा मौके

विराट के खिलाफ वापसी के लिए उतरेंगे राहुल

शारजाह (वार्ता)। आईपीएल 13 में लगातार निराशाजनक प्रदर्शन कर रही लोकेश राहुल के कप्तानी वाली किंग्स इलेवन पंजाब कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गुरुवार को वापसी करने के लिए उतरेगी। बेंगलुरु ने पिछले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 82 रन से पराजित किया था जबकि पंजाब को कोलकाता के हाथों रोमांचक मुकाबले में दो रन से हार का सामना करना पड़ा था। बेंगलुरु के सात मैचों में पांच जीत, दो हार के साथ 10 अंक है और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि पंजाब सात मैचों में एक जीत, छह हार के साथ दो अंक लेकर सबसे नीचे आठवें स्थान पर है। बेंगलुरु ने कोलकाता के खिलाफ हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन किया था और कोलकाता को हर विभाग में परास्त किया था। बेंगलुरु के लिए कप्तान विराट ने भी बेहतर प्रदर्शन किया था और नाबाद 33 रन बनाए थे। इसके अलावा एबी डीविलियर्स (नाबाद 73) ने भी तूफानी पारी खेली थी। बेंगलुरु के लिए सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिकल ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 32 रन बनाए थे और टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई थी। बेंगलुरु की उम्मीदें एक बार फिर पडिकल और आरोन फिंच के ऊपर होंगी जिन्होंने कोलकाता के खिलाफ पहले विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की थी। पंजाब के खिलाफ इन दोनों बल्लेबाजों को मजबूत शुरुआत दिलानी होगी।

दो अंक मिलना काफी मायने रखता है: धोनी

दुबई (वार्ता)। सनराइजर्स हैदराबाद को पटखनी देने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि जीत से दो अंक मिलना टीम के लिए काफी मायने रखता है। चेन्नई ने हैदराबाद को जीत के लिए 168 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में हैदराबाद की टीम 147 रन ही बना सकी और उसे 20 रन से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट में लगातार निराशाजनक प्रदर्शन कर रही चेन्नई को अंततः जीत हासिल हुई और यह उसकी आईपीएल 13 में तीसरी जीत है। धोनी ने कहा, अंत में दो अंक हासिल करना टीम के लिए काफी मायने रखता है। टी-20 क्रिकेट हमें बताता है कि यहां कई बार मुकाबले आपके हिसाब से नहीं होते और कई बार आप जीत हासिल करते हैं। इस मुकाबले में हमने अच्छी बल्लेबाजी की। बल्लेबाजों ने स्थिति को अच्छे से समझा। 160 रन के स्कोर का बचाव करते हुए आपको पहले छह ओवर में अच्छी शुरुआत करनी होती है। कप्तान ने कहा, तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और स्पिनरों ने मुकाबले में बेहतर किया और इसे एक अच्छा खेल बनाया। यह चुनौतीपूर्ण स्कोर था और मैं पहले छह ओवर के बाद स्कोर देखता हूं। अगर पहले छह ओवरों में फील्डिंग सही नहीं होती तो आप इसका बचाव नहीं कर सकते। बहुत कुछ तेज गेंदबाजों पर निर्भर करता है।

कोविड महामारी के चलते महिलाएं स्वास्थ्य जांच कराने में असमर्थ

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पिछले वर्ष स्तन कैंसर के 1,62,468 मामले सामने आए थे और मौजूदा हालात में कोविड-19 महामारी के चलते महिलाएं अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पा रही हैं। इसके परिणामस्वरूप गैर-संचारी रोग जैसे दिल की बीमारियां, मधुमेह और कैंसर जैसी अन्य समस्याएं लोगों के स्वास्थ्य पर बोझ बनती जा रही हैं।

स्तन कैंसर दुनिया भर के विकसित एवं विकासशील देशों की महिलाओं में मौत का मुख्य कारण रहा है। भारत में हर साल स्तन कैंसर के 1.5 लाख से अधिक मामलों का निदान किया जाता है। एक अनुमान के मुताबिक 2026 तक भारत में तकरीबन 2.3 लाख महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित होंगी, जो पश्चिमी देशों के समकक्ष है। इन्द्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश सरीन ने बताया कि कोविड-19 महामारी से पहले अस्पताल में हर महीने तकरीबन 400 महिलाएं स्क्रीनिंग के लिए और कम से कम 200 महिलाएं पोस्ट- ऑपरेटिव फॉलोअप के लिए आती थीं। लेकिन लॉकडाउन के बाद से इस संख्या में 70 फीसदी गिरावट आई है। अगस्त-सितम्बर माह में दूसरी एवं तीसरी अवस्था के कैंसर के मरीज़ों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है, इससे साफ है कि पिछले 6 महीनों के दौरान इन मरीज़ों में इलाज की अनदेखी करने के कारण पहली अवस्था का कैंसर जानलेवा तीसरी अवस्था तक पहुंच गया है।' डॉ .सरीन ने कहा, ''उम्र बढ़ने के साथ स्तन कैंसर का जोखिम बढ़ता चला जाता है। भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर पश्चिमी महिलाओं की तुलना में 10 साल पहले होता है क्योंकि भारतीय महिलाओं में आनुवंशिक और जीवनशैली से जुड़े कारक इसके मुख्य कारण हैं।

कोंडागाँव के व्यापारी इरशाद की हत्या राज्य सरकार की कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का प्रमाण : केदार कश्यप

कोण्डागाँव। राजधानी रायपुर के व्यस्ततम इलाके जयस्तम्भ चौक पर कोंडागाँव निवासी इरशाद अहमद की दिनदहाड़े हत्या ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है । राजधानी में आम इंसान कितना असुरक्षित है ये घटना की बात का जीता जागता प्रमाण है । उक्त उद्गार भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने प्रकट किए है। पूर्व मंत्री कश्यप ने कोंडागाँव के व्यापारी की हत्या को राज्य सरकार की नाकामी करार दिया और कहा कि उक्त घटना से साबित हो गया है कि कांग्रेस सरकार आम आदमी की सुरक्षा करने में पूरी तरफ नाकाम हो गई है । राजधानी रायपुर जहाँ प्रदेश के मुखिया और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी रहते हैं उसके अलावा पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहते हैं ऐसे शहर के बीचों बीच थाने के पास ऐसी घटना होना पूरे सरकार की कानून ब्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है । श्री कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच करवाकर हत्या में शामिल लोगो पर उचित कार्यवाही करे , जिससे कि लोगों में राजधानी की कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास पैदा हो ।

जवानों को तनाव मुक्त करने योग शिक्षा, बस्तर पुलिस अधीक्षक व मातहत कर्मचारी शामिल

जगदलपुर। कोरोनावायरस 19 की ड्यूटी व अन्य ड्यूटी के कारण पुलिस के जवान मानसिक अवसाद से ग्रस्त हो रहें हैं और कई बार घातक कदम भी उठा लेते हैं । इन पर अंकुश लगाने पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिला स्तर पर जवानों के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया । पुलिस समन्वयक केंद्र में आर्ट ऑफलिविंग संस्था के प्रशिक्षक अमीन लीला द्वारा योग शिक्षा दी गयी । जवानों के बस्तर के पुलिस अधीक्षक दीपक झा व मातहत शामिल हुए । इस शिविर में रक्षित निरीक्षक शर्मा के अलावा 40 जवान सम्मिलित हुए। योग शिविर 13 से 18 अक्टुबर तक चलेगा जिसमें अन्य जवान सम्मिलित होंगे।

भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के बच्चों के लिए रायपुर में हॉस्टल की सुविधा

कांकेर। भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके विधवाओं के बच्चों के लिए रायपुर में बालक एवं बालिका हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कांकेर के कल्याण संयोजक एस.पी. त्रिपाठी ने बताया कि भूतपूर्व सैनिक एवं उनके विधवाओं के पुत्र-पुत्रियां जो रायपुर में रहकर पढ़ाई करना चाहते हैं और वर्तमान में कक्षा 6वीं से 12वीं तथा स्नातक, स्नातकोत्तर की कक्षाओं या प्रोफेशनल कोर्स में अध्ययन कर रहे हैं, वे रायपुर में छात्रावास की सुविधा के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कांकेर में 25 अक्टूबर तक संपर्क कर अपनी जानकारी दे सकते हैं।

पीडब्लूडी और उद्योगों की साझी सहभागिता से सुधारी जाएगी रायगढ़ से धरमजयगढ़ तक की सड़क-कलेक्टर भीम सिंह

रायगढ़। कलेक्टर श्री भीम सिंह ने आज रायगढ़ से धरमजयगढ़ तक की सड़क सुधार के लिये सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों तथा मार्ग में संचालित उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुये कहा कि औद्योगिक जिला रायगढ़ में अत्यधिक मात्रा में वाहनों का परिवहन होता है तथा जिले के तीन विकासखण्डों को मुख्यालय से जोडऩे की यह मुख्य सड़क है, लिहाजा नागरिकों की बड़े पैमाने पर आवाजाही होती है इसलिये इस सड़क का जल्द सुधार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर पीडब्लूडी ने सर्वे कर कार्ययोजना तैयार की है जिसमें विभाग के साथ-साथ इस मार्ग में संचालित उद्योगों की भी सहभागिता होगी।

विवादित बयान को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने घेरा सांसद निवास, पुलिस ने रोका तो हुई झूमाझटकी

कांकेर। जिला एनएसयूआई के द्वारा एनएसयूआई प्रदेश महासचिव चमन साहू व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष महेंद्र नायक के नेतृत्व में हस्द्ध के कार्यकर्ता भाजपा सांसद मोहन मांडवी के निवास स्थान घेराव करने ग्राम गोविंदपुर पहुचे और निवास की ओर कुछ किया जिसको रास्ते मे पुलिस के जवानों ने रुको जिससे कार्यकता आक्रोशित हो गए पुलिस के जवानों के साथ झूमाझटकी हुई और सांसद के खिलाफ मुर्दाबाद के जोरदार नारे लगाए साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ़ और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ में मुर्दाबाद के नारे लगाए भाजपा सांसद मोहन मांडवी को बर्खास्त करने के नारे लागये ।एनएसयूआई प्रदेश महासचिव चमन साहू ने बतलाया कि उत्तर प्रदेश की घटना में सांसद द्वारा दिया गया बयान बहुत ही अशोभनीय है एक बहन इस दुनिया मे अब नही रही और उस घटना को भाजपा सांसद के द्वारा बनावटी कहा गया ये पूरी तरह सांसद की सोच को दिखाती है यही भाजपा और आरएसएस की महिलाओ के प्रति उनकी मानसिकता को बतालती है भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती है ऐसे व्यक्ति को जो देश के बेटी और उसके ऊपर हुए रेप को बनावटी बोले सांसद जैसे पड़ में रहने का अधिकार नही है हम राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष से इनकी लोकसभा सदयस्ता की बर्खास्ती की मांग करते है।भाजपा और उनके सांसद सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती हैंक्या इनका कहाना है कि उनके लिए क्यों विरोध करे उन्होंने मुझे वोट नहीं दिया है क्या ये सिर्फ वोट के लिए ही करते है हैंक्या वो भी हमारे देश की बहन है बेटी है ऐसी सोच रखने वाले व्यक्ति कैसे बिल्कुल भी हमारे क्षेत्र का विकास नहीं कर सकते इनको तुरन्त अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और इस घटना पर सरकार ने सीबीआई जांच के निर्देश दिए है क्या ये सीबीआई जांच को भी बनावटी कहा और मीडिया के द्वारा फैलाया गया अफवाह बोला गया है प्रधानमंत्री जी अगर देश की महिलाओं का सम्मान करती है तो उनको तुरत ऐसे व्यक्ति को आपने पार्टी से निकाल देना चाहिए ।इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश महासचिव चमन साहू एनएसयूआई जिला अध्यक्ष महेंद्र नायक , प्रदेश सचिव कुलदीप यादव ,विधानसभा अध्यक्ष योगेश राजपूत ,विधानसभा अध्यक्ष कमलकांत तारम ,वसीम मेमन राष्ट्रीय संयोजक आरटीआइ एनएसयूआई पीताम्बर नाग जिलाध्यक्ष कोंडागाँव ,आयुषी मिश्रा जिलाउपाध्यक्ष ,शेक इमरान जिलाउपाध्यक्ष , लोमन्द्र यादव जिला सयोंजक ,प्रिया टांडिया जिला महासचिव ,सौरभ तारम ,अनिल मरकाम जिला महासचिव ,चमरू जैन ,गजेंद्र साहू,तारास सिन्हा ,पंकज वाधवानी,अभिक भट्टचार्य पखांजुर , अमन गायकवार्ड ,अमित साहू ,रवि मंगतानी ,हिमांशु गड़पाले ,अजय साहू हर्ष साहू ,धर्मेंद सोनवानी ,सुभम मिश्रा विधानसभा अध्यक्ष बालोद ,फैजल मेमन अलताब रजा ,योगेष साहू ,लोकेश विश्वकर्मा ,अनमोल शर्मा , समीर साहू ,पंकज यदु ,जोगेंद्र निसाध ,,सूरज पटेल ,भोपेश कावड़े ,गणेश शोरी ,लक्की सिन्हा , कृतन गड़पाले ,खिलेश्वर ठाकुर ,अनमोल शर्मा ,कुलेश्वर सेवता,आदि एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

गाईड लाईन का पालन करते हुए नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार मनाने की अपील

शांति समिति की बैठक संपन्न

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को मनाने की अपील जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से किया गया है। स्थानीय विधायक एवं संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी, कलेक्टर श्री के.एल.चौहान, नगर पालिका कांकेर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर सहित पार्षदों एवं पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी ने कहा कि लोगों की आस्था भी बनी रहे और शासन द्वारा जारी एडवाईजरी का पालन करते हुए नवरात्रि व दशहरा पर्व मनाया जावे। उन्होंने कहा कि इसमें समाज की बड़ी भूमिका होगी। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव करते हुए हमें इस पर्व को मनाना होगा, ताकि सभी लोग सुरक्षित व खुशहाल रहें। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि मास्क पहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा शासन द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए अच्छे ढंग से नवरात्रि व दशहरा पर्व को मनायें। उन्होंने कहा कि दुर्गा पण्डाल एवं दशहरा पर्व में पुतला दहन के लिए नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका अथवा नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत को निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। दुर्गा मूर्ति स्थापना के लिए 07 दिवस पूर्व और दशहरा पर्व में पुलता दहन के लिए 10 दिवस पूर्व संबंधित नगरीय निकाय तथा ग्राम पंचायत में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित दशहरा पर्व में पुतला दहन का सीधा प्रसारण सीटी केबल के माध्यम से किया जायेगा, जिसका अवलोकन घर बैठे किया जा सकता है। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य द्वारा दुर्गा मूर्ति स्थापना एवं पुतला दहन के लिए जारी गाईड लाईन का विस्तार से जानकारी दिया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम उमाशंकर बंदे, डीएसपी आकाश मरकाम, सोमेश सोनी, शैलेन्द्र शोरी, अरूण कौशिक, महेश जैन सहित पार्षदगण उपस्थित थे

अस्वाभाविक मृत्यु के आगोश में समा जाने वाले परिवार के परिजन को यथाशीघ्र राहत राशि मिलने की उम्मीद

केशकाल। केशकाल एवं कोंडागांव जिला के दुष्कर्म पीड़िताओं को और अस्वाभाविक मृत्यु के आगोश में समा जाने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं के परिवार जनों को राहत राशि यथाशीघ्र मिलने की उम्मीद बंधी है। उल्लेखनीय है केशकाल प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यानकर्षण करते एक पोस्ट डाला कि मेरे कोंडागांव जिला के बडेराजपुर ब्लाक के बहुत गरीब तबके की एक नाबालिक बच्ची दुष्कर्म की शिकार हो गयी । अपराध कायम हुआ आरोपी जेल चला गया । आज गरीब परिवार की बच्ची अपने आपबीती के अवांछित हादसे के दुख ग्लानि के सांथ सामाजिक अपमान तिरस्कार की वेदना एवं अंधकारमय भविष्य से उबरने की चिंता के सांथ अपने गर्भ में लगभग 8 माह का बच्चा लिए जी रही है । उसके दुख दर्द चिंता से अभी तक किसी को कोई सरोकार नहीं है। चूंकि अभी उससे कोई अपनी नेतागिरी चमकाने का कोई चांस किसी नेता को दिखाई नहीं दे रहा है चाहे पक्ष हो या विपक्ष हो। हां अगर वो टूटकर हिम्मत हारकर मौत के आगोश में समा जाये और कोई बड़ा बखेड़ा खड़ा हो जाये या रोष आक्रोश की आग धधक जाये तो फिर रोटी सेंकने दल-बल ले लेकर पंहुचने वालों का तांता लग जायेगा। बड़ी खामोशी से सीने में मन भर का दर्द लिए जी रही अभागी गरीब की बच्ची को अभी तक कोई भी सरकारी सहायता या दुष्कर्म पीड़िता राहत राशि या महिला बाल विकास विभाग - जनपद पंचायत के माध्यम से मिलने वाला सहायता राशि नहीं मिल पाया है , तो सोचने की बात है कि समय पर जो सहायता या राहत नहीं मिला उसका क्या- औचित्य और फिर हम स्वस्थ जच्चा- स्वस्थ बच्चा की कल्पना कैसे कर सकते हैं ? जिस पर जिला कलेक्टर श्री मींणा ने इस मसले को पूरी संवेदनापूर्वक लेते हुये श्री उपाध्याय को यह संदेश प्रेषित कर दिलाशा दिया कि इस पर कार्रवाई किया जा रहा है।

RAIPUR SMART CITY LIMITED
CIN-U74999CT2016SGC007534
Chhattisgarh Shivajee Mahraj outdoor stadium, Near Vivekanand Sarovar, Raipur (C.G.) 492001
PHONE No. 0771-4055574 FAX 0771-4055576 Website- smartcityraipur.cgstate.gov.in
एन.आई.टी.नं. 334/RSCL/2020 रायपुर, दिनांक 09/10/2020

निविदा आमंत्रण सूचना

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से निविदाएं मुहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा दिनांक 14.10.2020 को संध्या 5.00 बजे से दिनांक 03.11.2020 संध्या 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सभी निविदाएं उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख दिनांक 04.11.2020 प्रातः 11.30 बजे खोली जाएगी, दिनांक 31.10.2020 तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख)	अमानती राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि(रु.)	निविदा प्रपत्र
1	Supplying Installation, Commissioning of Decorative LED pole light at parking Budhatalab garden.	19,63,960/-	19,700/-	750/	(ब)
2	Supply Installation and Commissioning of multiplay system part-1 at Budhatalab garden.	19,50,000/-	19,500/-	750/	(ब)
3	Supply Installation and Commissioning of multiplay system of size 28x42x16 part II at Budha talab garden.	19,40,000/-	19,500/-	750/	(ब)
4	Supply Installation and Commissioning of multiplay system of 15-18 capacity at Budha talab garden.	18,95,000/-	19,000/-	750/	(ब)
5	Supply Installation and Commissioning of Chess Board with Chess pieces set Decorative LED pole light at parking Budhatalab garden.	19,80,876/-	20,000/-	750/	(ब)

नियम एवं शर्ते :-
1. निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तकनीकी विभाग से प्राप्त की जा सकती है।
2. अधिक जानकारी हेतु नगर पालिक निगम के Website- nagarnigamraipur.nic.in

प्रबंध संचालक
रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पाटन से शुरू हुई...

थे। जिन भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा है उनमें राजा पाठक, लोकमणि चंद्राकर और सेन का नाम आ रहा है। सांसद विजय बघेल के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला वापिस लेने और जेल से निःशर्त रिहा करने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं में अरविंदर खुराना, प्रमोद सिंह सांसद प्रतिनिधि, अरुण सिंह, हर्षा चंद्राकर, खेमलाल साहू, राजा संधू आदि पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक बैठे थे। इधर सरकार का पक्ष जानने के लिए नवप्रदेश ने जिम्मेदार पदाधिकारियों को फोन पर संपर्क किया तो वे उपलब्ध नहीं हो पाए। वहीं पुलिस व्दारा इस मामले में फिलहाल किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

आब बबूला हुए सीएम...

के संबंध में बताया कि ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो अकेले रहते हैं, उन्हें इस अभियान से जोड़ा जाएगा। कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को कोरोना काल में महामारी से सुरक्षा हेतु आवश्यक सुविधाएं, उनकी समस्याओं के त्वरित निदान सहित उन्हें आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान से जोड़ने के लिए वरिष्ठ नागरिक थाने में आवेदन देकर या पुलिस मुख्यालय से जारी वाट्सएप नंबर तथा ई-मेल एड्रेस पर आवेदन देकर समर्पण सदस्यता प्राप्त कर सकेंगे। प्रथम चरण में यह अभियान रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में शुरू किया जाएगा।

होम आइसोलेशनः सबसे सफल...

आइसोलेशन एप के जरिये ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद नोडल अधिकारियों के माध्यम से घर तक दवाइयां पहुचाने से होती है। फिर डाक्टर की अनुमति के बाद होम आइसोलेशन की अवधि प्रारंभ होती है। काउंसलर मरीजों को समय-समय पर फोन करते हैं,उनकी तबीयत जानने के लिए और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए भी। आपातकालीन नम्बर के माध्यम से विशेषज्ञ डाक्टर्स, मरीजों की समस्याएं सुन कर उसका हल भी बताते हैं।

एनएमडीसी से अलग होगा...

186 करोड़ रुपए व्यय हो चुके हैं जिसमें से 16 हजार 662 करोड़ रुपए एनएमडीसी ने व्यय किये हैं और 524 करोड़ रुपए बौंड के जरिए जुटायें गये हैं। नगरनार इस्पात संयंत्र को अलग करने और इसके विनिवेश की प्रक्रिया साथ साथ शुरू की जाएगी और इसे सितंबर 2021 तक पूरा कर लिया जाएगा।

मरवाही में नामांकन...

प्रक्रिया को शुरू किया है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.के.के. ध्रुव और जकांछ प्रत्याशी अमित जोगी शुक्रवार 16 अक्टूबर नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस के नामांकन दाखिल करते समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्रिमंडल के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अमित जोगी ने पहले ही एलान किया है कि 16 अक्टूबर को मां और कोटा विधायक रेणु जोगी के साथ दोपहर एक बजे नामांकन दाखिल करेंगे। पूरे प्रदेश की निगाहें अमित जोगी के फार्म दाखिल को लेकर लगी हुई है। मरवाही विधानसभा उपचुनाव मैदान में उतरने अब तक 11 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 16 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की जांच 17 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी 19 अक्टूबर तक की जाएंगी। 3 नवंबर को मतदान और 10 को मतगणना होगी। विधानसभा में कुल 1 लाख 90 हजार 907 मतदाता है।

न्यायालय नायब तहसीलदार (परि.भूमि) सक्ती, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक 09/ना.तह./वाचक/2020
सक्ती, दिनांक 13.10.2020
रा.प्र.क्र. अ-2/2019-2020
ग्राम सोंठी, तहसील सक्ती

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सोंठी, प.ह.नं. 21 तहसील सक्ती, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गौरी पटेल पति श्री द्वारिका प्रसाद पटेल साकिन केरीबांधा, तहसील सक्ती, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोंठी, प.ह.नं. 21 तहसील सक्ती जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 434/11, 437/2 रकबा 0.012 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन उपयोग हेतु व्यपवर्तन किए जाने के लिए प्रकरण अनु. अधि. (रा.) सक्ती के द्वारा इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का आवासीय व्यपवर्तन किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21.10.2020 को स्वयं या जरिए अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से पेश कर सकते हैं पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सक्ती, जांजगीर चांपा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6/2020-21
ग्राम उमरिया प.ह.नं. 09

एतद् द्वारा ग्राम उमरिया के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार पिता रामकिशुन 4 अन्य जाति यादव निवासी करही तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम उमरिया हल्का नं. 09 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 78/1 रकबा 0.324 हे. को वारिसान के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/10/20 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
मुंगेली

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6/2020-21
ग्राम कंतेली प.ह.नं. 06

एतद् द्वारा ग्राम कंतेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार पिता रामकिशुन 4 अन्य जाति यादव निवासी करही तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम कंतेली हल्का नं. 06 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 264 रकबा 0.304 हे. को वारिसान के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/10/20 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
मुंगेली

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 05/वलेलि/2020-21 सिस्टम निविदा क्रमांक 62357 दिनांक 08.05.2020 द्वारा विज्ञापन क्रमांक जी 81215 के माध्यम से गुडरू व्यपवर्तन योजना का नहर लाईनिंग एवं मिट्टी का कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा का प्री बिड दिनांक 27.06.2020 को सक्षम एवं अधिकृत अधिकारी द्वारा आनलाईन खोला गया। उक्त निविदा में एकल निविदा की स्थिति निर्मित हुई है। अतः छ.ग. शासन जल संसाधन विभाग रायपुर के आदेश दिनांक 01.07.2014 से 19.06.2015 के परिपालन में उक्त प्रथम आनलाईन आमंत्रित निविदा को निरस्त किया जाता है।

(एस.के. दुबे)
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बैकुण्ठपुर
जिला- कोरिया (छ.ग.)
कृते -मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी-84249/8

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

मेनुअल निविदा सूचना

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग वि./यां. मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य हेतु मेनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. एवं दिनांक	कार्य का नाम	लागत निविदा (लाख में)	डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	11_ 09.10.2020	Operation & Preventive Maintenance contract of centalized Air Conditioning system (5x350TR) installed at New High Court, Bilaspur (C.G.) (Including Annexure A,B, C &D) 2nd Call	75.45	24.10.2020

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.cgstate.gov.in में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. (वि./यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-84241/4

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR(C&LM) Block-4, Near CSPHCL Dispensary,Daganla, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce.eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2524221 Fax No. 0771-2574222
No. ED/C&LM/Works/ TR-459, TR-460 & TR-461 /1485 Raipur, Date: 14.10.2020

NOTICE INVITATING TENDER

Sealed tenders are invited for the following EHV works on labour contract basis:

TR No	Name of work	EMD (Rs)	Cost of tender form (Rs) (Incl.GST) Printed tender form	Downloaded from website	Date of opening
TR-459	Construction of 02 No. 132 KV feeder bay at 132 KV S/s Kondagaon	18,700/-	1,680/-	1,770/-	04.11.20
TR-460	Construction of 02 No. 132 KV feeder bay at 132 KV S/s Champa	9,000/-	1,120/-	1,180/-	05.11.20
TR-461	Construction of 01 No. 132 KV feeder bay at 132 KV S/s Pathariya	11,000/-	1,680/-	1,770/-	06.11.20

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website 'www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices'.
-sd-
ED(C&LM) CSPTCL, RAIPUR
//Save Electricity// S.-26690/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

शक्ति शहर के अग्रसेन चौक में प्रशासन द्वारा चलाया गया मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ अभियान

■ **करीब 13000 रुपए की हुई जुर्माना वसूली**

नवप्रदेश संवाददाता

शक्ति। शक्ति शहर के अग्रसेन चौक में 14 अक्टूबर को नगर पालिका शक्ति के मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान,नायब तहसीलदार शिव कुमार डनसेना एवं पुलिस थाना शक्ति के संयुक्त नेतृत्व में जांजगीर-चांपा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार वर्तमान समय में कोरोनाकाल को देखते हुए जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप परिपालन में मास्क का उपयोग नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया गया तथा इस दौरान करीब 133 ऐसे लोगों को जो कि मास्क नहीं लगाए हुए थे उन्हें पकड़ कर करीब ?13000 का जुर्माना वसूला गया, साथ ही ऐसे सभी लोगों को प्रशासन द्वारा सुरक्षा मास्क भी निःशुल्क उपलब्ध करवाते हुए चेतावनी दी गई एवं निर्देश दिया गया कि वे आने वाले समय में घरों से बाहर निकलने पर मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें इस दौरान अग्रसेन चौक से गुजरने वाले लोगों में स्थानीय प्रशासन की इस

सक्रियता एवं कार्यवाही के प्रति उत्साह भी देखा गया, तथा लोगों ने कहा कि प्रशासन की इस चेतावनी से निश्चित रूप से लोगों में जन जागरूकता अवश्य आएगी तथा नगरपालिका एवं राजस्व विभाग तथा पुलिस प्रशासन निरंतर शक्ति क्षेत्र में कोरोना को लेकर सख्ती के साथ दिशा निर्देशों का पालन करवा रही है, एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान तथा नायब तहसीलदार शिव कुमार डनसेना ने इस दौरान कहा कि आने वाले समय में यह कार्यवाही जारी रहेगी तथा सभी नागरिक प्रशासन के दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही हमारे स्वास्थ्य को को नुकसान पहुंचा सकती है अतः इन्हें सभी चीजों को देखते हुए हम प्रशासन का सहयोग करें 14 अक्टूबर को अग्रसेन चौक में आयोजित कार्रवाई के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान, नायाब तहसीलदार शिव कुमार डनसेना, श्री पटेल, संतोष विश्वकर्मा, सायन शुक्ला, देवेश शर्मा,मो. इब्राहिम खान,मो. रियाजुद्दीन खान, रोशन देवांगन, रोहिणी, विजय सोनवानी, नंदलाल प्रधान, इमरान खान सहित पुलिस थाना शक्ति के भी जवान उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

फिर एक बार विवादों में जा घिरा अर्जुन मेडिकल स्टोर्स संचालक

किरंदुल । लौह नगरी किरंदुल मेन मार्केट में स्थित अर्जुन मेडिकल स्टोर्स में चल रहा था आई.पी.एल सट्टा का कारोबार सूचना के मिलते ही पुलिस ने मौके पर मेडिकल स्टोर्स पहुँचकर सट्टाधारियों का भंड़ाफोड किया। बता दें कि इसमें कई लोग सक्रिय थे ! अब वे चेहरे बेनकाब हो गये है पुलिस ने बताया कि सट्टा का कारोबार लौह नगरी किरंदुल के मेन मार्केट अर्जुन मेडिकल स्टोर्स में चल रहा था और सूचना के मिलते ही पुलिस ने सोमवार रात करीब 8:00 बजे अर्जुन मेडिकल स्टोर्स में दबिश देकर आई.पी.एल सट्टा चलाने वाले पर कार्यवाही किया और नगद 47,700?/- रुपये व मोबाइल जप्त किया. एस.डी.ओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया कि 4(क) जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और नगद कैश 47,700? जब्त किया गया यदि नगर में और भी जगहों पर सट्टा खेला या खिलाया जा रहा है तो उन पर भी जुंआ एक्ट के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी. आपको बता दें कि जब से आई.पी.एल सीजन 13 शुरू हुई है तब से जुआरियों के हौसला और भी बुलंद होता जा रहा है और पुलिस को खबर ना हो इसलिए जुआरी ऑनलाइन सट्टा खिलाने का काम में मशगूल है आई पी एल सीजन शुरू होने के पहले दिन ही हमने अपने समाचार पत्रिका के माध्यम से शुरुआत में ही संकेत दी थी कि आईपीएल शुरू होते ही जुंआरी सक्रिय होते है और खबर का असर कुछ इस तरह हुआ की पुलिस अनुविभागीय अधिकारी देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस बल किरंदुल अर्जुन मेडिकल स्टोर्स में चलाए जा रहे सट्टा कारोबार पर दबिश देकर कार्यवाही की है. आईपीएल की इस सीजन में किरंदुल पुलिस बल को बड़ी कामयाबी मिली।

तोकापाल कॉलेज के पीछे अज्ञात लाश मिलने से सनसनी

जगदलपुर। तोकापाल कॉलेज के पीछे स्थित काजू प्लाट में अज्ञात शव मिलने से आस पास के इलाके में सनसनी फैल गयी। जानकारी के मुताबिक स्थानीय ग्रामीण गाय ङ्क बैल को चराने खेत लेकर गए थे। तभी अचानक उनकी नज़र पेड़ पर लटके शरीर से अलग हुये सिर पर पड़ी। जिसके बाद डरे सहमे ग्रामीणों ने आसपास के स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय युवकों का एक समूह घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की सूचना पुलिस को दी। शव की तस्वीर को देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस घटना को 1 सप्ताह से अधिक का समय हो गया जिससे शव सड़ने लगा है। वहीं इस मामले पर परपा टीआई बीआर नाग ने बताया कि पुलिस को तोकापाल कॉलेज के पीछे स्थित काजू प्लाट में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना मिली है। टीम को मौके रवाना कर दिया गया है। टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

प्रिंट मीडिया को रखा जायेगा दशहरा पर्व से दूर

जगदलपुर। बस्तर संभाग की ऐतिहासिक दशहरा पर्व इस वर्ष कोरोनावायरस की जद में आ चुका है।बस्तर दशहरा पूरी तरह से जिला प्रशासन के नियंत्रण में होगा और सर्वाधिक दिलचस्प बात है कि प्रिंट मीडिया को इस बस्तर दशहरा से दूर रखने का फैसला लिया गया है। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दशहरा कवरेज की छुट दी जा रही है। बस्तर जिले के कलेक्टर रजत बंसल ने बस्तर दशहरा पर्व को लेकर पत्रवार्ता का आयोजन किया और कोरोनावायरस को लेकर सभी से सहयोग की अपील की तथा प्रिंट मीडिया को इससे दूर रखने का फैसला लिया गया है किंतु इस पत्रवार्ता में बैठे कोई भी पत्रकारों ने इसका विरोध नहीं किया। दूसरी तरफ बस्तर सांसद व दशहरा समिति अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी जंबो समिति दशहरे को लेकर बनाई है जिसमें पत्रकारों को शामिल किया है। क्या उन पत्रकारों को भी दशहरा पर्व से दूर रखा जायेगा? बस्तर जिला कलेक्टर रजत बंसल के पत्रवार्ता को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है कि प्रिंट मीडिया को दूर रखकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को अनुमति दी जा रही है ? जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि जिला प्रशासन गुड़ से प्यार और गुलगुले से परहेज़ करना चाहती है।

मिनी माता सम्मान महिला उत्थान के लिए 18 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित'

कांकेर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला तथा अशासकीय संस्थाओं से ÷मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)÷ के लिए 18 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस योजना के तहत एक महिला या संस्था को दो लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान की जाती है। इस सम्मान हेतु वर्ष 2020 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित किया गया है। इसके लिए महिला या संस्था को पूर्ण परिचय देते हुए महिलाओं के उत्थान के लिए किये गये सेवा कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना होगा। इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धियाँ वास्तविक तथ्यों पर आधारित है।

सड़क काटकर नहाड़ी में लगने वाले पुलिस कैम्प के विरोध में सड़कों पर 4 दिनों से टैंट लगाकर हजारों ग्रामीण जुटे

■ **बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल की मांग, पर कैम्प लगने से होगा विरोध**

दंतेवाड़ा। सड़क तालाब में तब्दील में हो गयी है, फावड़ा, गैती, तगाड़ी, सब्बल लेकर महिला पुरुष बुजुर्ग सड़क काटने में लगे हुये। लगभग 5 किलोमीटर की सड़क पर सैकड़ो गढ्ढे बनाकर ग्रामीण विरोध जता रहे हैं, दरअसल यह नजारा दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत ककाड़ी और नहाड़ी गांव का है। जहाँ ग्रामीण नये खुलने वाले पुलिस कैम्प के खिलाफ मोर्चा खोल रखे हैं।

नहाड़ी गांव में कैम्प विरोध के लिए नहाड़ी, ककाड़ी,बुरगुम, पोटाली, जबेली,गोण्डेरास,बर्रेम के ग्रामीण जमा हुये। रशद राशन लेकर ग्रामीण टैंट लगाकर सड़क किनारे ही 4 दिनों से रुके हुये है. नहाड़ी से ककाड़ी तक कि सड़क ग्रामीणों ने काट दी है. ग्रामीणों का कहना है कि हमे किसी भी कीमत में पुलिस कैम्प नही चाहिए। कैम्प खुलने से पुलिस ग्रामीणों को नक्सल मामलों में पकड़कर जेल भेज देगी। इससे पहले भी पुलिस हमारे गांव के लोगो को पकड़कर जेल भेज चुकी है। नहाड़ी के सरपंच स्वयं मौजूद थे जो कि पंचायत से एक प्रस्ताव भी पारित किया है कि नहाड़ी गांव में पुलिस कैम्प की जरूरत नही है इसलिए कैम्प नहाड़ी में स्थापित नही किया जाये तो वही ग्रामीण कैम्प लगने की खबर महज से सरकार और प्रशासन के विरोध में है।

4 दिनों से जारी विरोध में अबतक प्रशासन की तरफ से कोई गांव नही पहुँचा है, दरअसल नहाड़ी गांव अंदुरुनी पंचायत में शुमार करता है जिसकी वजह से प्रशासन और पुलिस को इस विरोध की भनक तक भी नही है।

> ग्रामीण सड़क काटकर क्यो विरोध कर रहे, उनकी जो भी समस्या है दंतेवाड़ा कलेक्टर से उन्हें अपनी समस्या रखनी चाहिए, अगर कैम्प की बात है तो नक्सल प्रभावित इलाकों में जहाँ जहाँ कैम्प की जरूरत लगेगी वहाँ वहाँ कैम्प लगाये जायेगे। वैसे भी नहाड़ी सड़क का टेंडर लग चुका है।
>
> **अभिषेक पल्लव,** दंतेवाड़ा एसपी

भीम आर्मी युवती महिला छत्तीसगढ़ टीम की ऐसी लहर चली जो पूरे देश में गूंजेगी

जांजगीर। देश में हो रहे अन्याय अत्याचार के खिलाफ आज भीम आर्मी युवती महिला छत्तीसगढ़ की टीम आज ऐतिहासिक आवाज उठाई जिसे सुनकर देखकर सरकार भी युवाओं की आवाज को अच्छे से सुन सकती है,देश में बहुजन या विशेष अनुसूचित जाति में अत्याचार सबसे ज्यादा हो रहा है जिसका विरोध पूरी दुनिया में हो रहा है सरकार की इस कार्यकाल में इतना अन्याय अत्याचार क्यों?

देश शांति और अमन से क्यों नहीं चल रही है? देश के युवा सवाल जरूर पूछेंगे और सरकार को जवाब देना पड़ेगा, आखिर सरकार को जनता ने बनाया है तो जनता को जवाब भी सरकार देगी की आखिर इतना अत्याचार क्यों हो रहा है?

ऐसी ही असहनीय घटना ना जाने कितना है देश में? लेकिन भारत के जनता को आवाज उठाना क्यों पड़ रहा है ? क्या सरकार इतनी जालिम है? क्या सरकार अंधी है? जो आज के युवा, किसान सरकार से खुश नहीं है?

आज इन्हीं सभी विषय को लेकर तहसील जैजैपुर में पैदल मार्च शांति पूर्वक निकाला गया है जिसमे विशेष कर महिलाएं उपस्थित हुई थी।

भारत के लोगों को यह समझना चाहिए कि जब तक हम आवाज नहीं उठाएंगे तब तक हमारा कुछ नहीं होगा ऐसी व्यवस्था है अभी की जब तक हम अपने हक के लिए आवाज नहीं उठाएंगे तब तक हमे अपना अधिकार नहीं मिलेगा। ये ऐसा देश है जहां अपराधी को जेल भेजने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन या लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है !

इससे यह पता चल रहा है कि भारत की बेटी सुरक्षित नहीं है, अगर व्यवस्था बदला नहीं गया तो परिस्थिति गंभीर हो सकती है।

अतः आज के इस ऐतिहासिक न्यायिक कार्यक्रम में शामिल जिला अध्यक्ष *श्रीमती संतोषी रात्रे जिला प्रभारी *श्रीमती हेमा मनहर, जिला सचिव *कुमारी मनोरमा* जिला उपाध्यक्ष *कुमारी सुनीता, जिला अध्यक्ष रायगढ़ कुमोदनी ब्लॉक उपाध्यक्ष मालखरौदा रूकमणी कुमारीन आगरे, आंगन लहरें, पुष्पा खुंटे, कौशिल्या रात्रे, ललिता खटरजी, जया निराला, मधु बंजारे, नम्रता बंजारे, दिपीका,अंजू ,शांति, मेंम बाई, अनुर्णा, लक्ष्मीन बाई ,प्रीति, सुनीता, पदमा, पूर्णिमा, इंदिरा बाई, मीराबाई, नंदनी मनहर, सीमा श्रीकांत, कलावती, सहारतीन बाई , रिया, रंजना, कौशल्या, संतोषी, गुरबारी बाई, मथुराबाई खटकर, तनिषा जाँगडे,संगीता बंजारे, दिब्या बंजारे, लक्ष्मीन खटकर,आशा खटकर, संजना बघेल, अंजली तेंदुलकर, चाँदनी तेंदुलकर,

एवं समस्त भीम आर्मी युवती महिला छत्तीसगढ़ की टीम व प्रगतिशील सतनामी समाज एवं अन्य सामाजिक संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं व भीम आर्मी भारत एकता मिशन। के द्वारा समर्थन किया गया।

विधायक मोहन ने कोरोना वॉरियर नपा कर्मियों का किया सम्मान

■ **आपदा काल में निस्वार्थ भाव से भगवान का रूप बनकर स्वच्छता कर्मियों ने की लोगों की सेवा- मरकाम**

कोण्डागांव। नगरपालिका के कर्मियों के द्वारा कोरोना आपदा काल के समय निस्वार्थ भाव से नगर की स्वच्छता एवं उसकी व्यवस्था के निर्माण हेतु कोरोना वॉरियर्स के रूप में किये गये कार्यो को याद करते हुए नगरपालिका के स्वच्छता कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर मरकाम ने कोरोना संक्रमण एवं तालाबंदी के समय को याद करते हुए कहा कि ऐसा दौर जिस समय हर व्यक्ति अपने घर से निकलने में भी कतराता था ऐसे समय में नगर में स्वच्छता एवं पेयजल जैसी व्यस्थाओं को निर्बाध एवं सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए नगरपालिका के सभी कर्मचारी अपने जान को जोखिम में डाल कर एक योद्धा की भांति रोज घरो से निकलकर लोगों की सेवा में निस्वार्थ भाव से लगे रहते थे। चाहे वह क्वारेंटीन सेंटर हो या स्क्रीनिंग सेंटर घर हो या सड़क या दुकानें सभी जगह सेनेटाईजेशन, घरो से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन में दिन-रात लगे रहते थे। सम्पूर्ण आपदा काल में स्वच्छताकर्मी भगवान का दूसरा रूप बनकर निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की है। इसके लिए सम्पूर्ण कोण्डागांव नगर आपका सदैव आभारी रहेगा।

इस अवसर पर पार्षद तरूण गोलछा ने कहा कि नगरपालिका ने आपदा काल में नगर के अतिरिक्त मानवता का प्रदर्शन करते हुए नगर की सीमा के बाहर भी जहां भी सेनेटाईजेशन एवं स्वच्छता की आवश्यकता थी वहां अपनी सेवाएं दी इसके लिए सम्पूर्ण नगरपालिका कर्मी साधूवाद के पात्र हैं।

महिला से गाली गलौच करने वाला नशेड़ी गिरफ्तार

जगदलपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के पनारापारा में बुधवार को एक महिला से गाली ङ्क गलौच और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है नसेड़ी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दरअसल पनारापारा निवासी महिला अपने घर के बाहर खड़ी हुई थी। इसी दौरान एक शराबी युवक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वहां से गुजरा। उक्त महिला ने युवक को बाइक संभालकर चलाने की सलाह दी। युवक ने अपना आपा खोते हुए महिला से गाली ङ्क गलौच करना शुरू कर दिया। गाली ङ्क गलौच करने बाद युवक वहां से फरार हो गया।

कुछ देर बाद नसेड़ी युवक फिर वापस लौटकर उक्त महिला से अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। इसके बाद युवक फिर फरार हो गया। युवक के खिलाफ जब महिला अपने बेटे के साथ कोतवाली थाना पहुंची, तो नसेड़ी युवक भी वहां पहुंच कोतवाली थाना परिसर में ही महिला और उसके बेटे से मारपीट करने की कोशिश करने लगा। जिसपर पुलिसकर्मियों ने युवक को तत्काल पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी युवक परसुराम बघेल (20) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 509 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध करते एसडीएम न्यायालय में पेश कर दिया है।

शांति फाउंडेशन की समाजिक जीत, यतीमों को जोड़ रहा मुख्य धारा से

कोण्डागाँवङ्कजिले की शांति फाउंडेशन समाज सेवी संस्था ने जन सहयोग व संस्था से जुड़े लोगों के लगन के चलते आज कई लोगो को समाज के मुख्य धारा से वापस जोड़ने में कामयाब नजर आ रहा है। एक और मामले में कोण्डागाव शहर के अंदर ही दयनीय अवस्था मे घुम रहे व्यक्ति को नवजीवन देने में कामयाब नजर आया।

हालात यह था कि युवक लोगो से भी भयभीत नजर आता था व इतना डरा सहमा था कि डर की वजह से जादा तर रात को ही खाने के तलाश मे बस स्टैंड से लगे होटलों के द्वारा फेके गये खाना खा अपना पेट भरा करता था।

पता करने पर लोगों से डरने का कारण पता चला कि आसामाजिक तत्वों से इसे किसी हथियार से गहरा जख्म इसके सिधे हाथ मे चोट की वजह से व ईलाज ना होने कि वजह से उस जख्म पर कीड़े लग चुके थे, वही दर्द की वजह से ये पुरे शरीर में कपडा लपेट कर शहर मे भटकते दिखाई देता था।

आज शांति फाउंडेशन की मेहनत के चलते व्यक्ति पुरी तरह ठीक हो कर समाज के मुख्य धारा से जुडने को तैयार है।

जानकारी देते फाउंडेशन के यतिन्र्द छोटू सलाम ने कहा कि इस नेक कार्य में सहयोग के लिए जिला न्यायाधीश जिला कलेक्टर जिला पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारी जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष इस पुनीत कार्य मे सहयोग देते रहे है उनका हार्दिक आभार माना है।

शान्ति फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि आप सब के सहयोग से ही कई गर्दिश में भटक रहे कई जिंदगी को आज मुस्कुराने का मौका मिला है।

उक्त भटक रहे युवक को कोण्डागाव से जब ईलाज के लिये भेजा गया था कुछ भी बोलने लायक नही था यहा तक इसे आज्ञात पुरूष के नाम से ये मामला कोण्डागाव कोर्ट मे लगाया गया था,लेकिन आज यह ठीक होकर अपना नाम मुकेश पिता का नाम दिनेश राम माता का नाम प्रमिला देवी पता महराजगंज पोस्ट नोआ विक्रमगंज जिला रोहतक स्टेट बिहार का रहना बता रहा है।

जिसकी जानकारी व घर के पता के लिये हाईकोर्ट से आवेदन कर जिला सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बिहार मे इनका घर तलाश किया जा रहा है व बहुत जल्द जानकारी मिलने पर भाई मुकेश को उनके घर पहुंचा दिया जाएगा।यह सफलता सिर्फ शांति फाउंडेशन की नही है यह सफलता कोण्डागाव जिले की प्रदेश की सफलता है कि आज शांति फाउंडेशन सड़को से उठा कर ईलाज करा कर अन्य प्रदेशों के व्यक्तियों को भी उनके घर तक पहुंचा रहा है।

डगनिया केंद्र में गोबर खरीदी बंद , केंद्र प्रभारी निलंबित

■ नगरीय प्रशासन सचिव ने गोबर खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

रायपुर। नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव श्रीमती अलमेलमंगई डी. ने आज गोधन न्याय योजना के तहत नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत गोबर खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गोबर से जैविक खाद निर्माण तथा पैकेजिंग और मार्केटिंग की भी जानकारी ली। अलरमेलमंगई डी. ने डगनिया केन्द्र में गोबर खरीदी बंद पाए जाने पर केन्द्र प्रभारी को मौके पर ही निलंबित किया।

सचिव अलरमेलमंगई डी. ने नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को किसी भी स्थिति में गोबर खरीदी बंद नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गौठानों में वर्मी कॉम्पोस्ट तथा अन्य सामग्रियों का निर्माण निरंतर जारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि पशुपालकों और गोबर विक्रेताओं का पंजीयन भी अधिक से अधिक कर किसानों और गरीबों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के आयुक्त सौरभ कुमार और नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक सौमिल चौबे मौजूद थे।